आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 22 सितंबर 2024 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-175 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

नये पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने संभाला कामकाज

कवर्धा,22 सितंबर। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल का पुलिस अधीक्षक जिला-बलरामपुर रामानुजगंज से पुलिस अधीक्षक जिला-कबीरधाम के पद पर स्थानांतरण

हुआ है। पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा (छ.ग.) शासन गृह (पुलिस) विभाग , मंत्रालय , महानदी भवन, रायपुर के स्थानांतरण आदेशानुसार जिला कबीरधाम पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव का स्थानांतरण जिला-कबीरधाम से सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ नया रायपुर तथा पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार अग्रवाल का स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक जिला-बलरामपुर, रामानुजगंज से पुलिस अधीक्षक जिला- कबीरधाम में हुआ है।

कट्टे की नोंक पर दुकानदार से लूट

जशपुर,22 सितंबर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में लूट की वारदात हुई है. नकाबपोश बदमाशों ने कट्टे के नोक पर एक किराना दुकान में घुसे. इस दौरान लुटेरों ने दुकानदार से मारपीट की और नगदी व किराना सामान लूटकर फरार हो गए. घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस जांच में जुट गई है. यह मामला लोदाम थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, जशपुर के पोरतेंगा गांव जो झारखंड बॉर्डर गुमला से लगा हुआ है. वहीं लोदाम चौकी स्थित पोरतेंगा निवासी नरेंद्र मिंज की किराना दुकान पर देर रात तीन नकाबपोश बदमाश पहुंचे. इस दौरान कट्टे के नोक पर आरोपियों ने दुकानदार के साथ मारपीट करते हुए गल्ले में रखे 30 से 40 हजार रुपये और किराना सामान लूटकर मौके से फरार हो गए. घटना के बाद पीड़ित दुकानदार ने मामले की जानकारी पुलिस को दी. घटना की सूचना पर लोदाम और जशपुर पुलिस मौके पर पहुंची और लुटेरों को पकड़ने के लिए जगह-जगह नाकेबंदी कर दी. वहीं पुलिस लूटेरों को पकड़ने के लिए घ्ह्ल फुटेज का मदद भी ले रही है. लूटपाट की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. वीडियो में देखा जा सकता है कि आरोपी मुंह में गमछा बांधे दुकानदार के पीछे से दूकान के अंदर घुसते हैं और बुजुर्ग दुकानदार पर कट्टा तान देते हैं. उसके बाद आरोपी उसे धमका कर कुर्सी पर बैठते हैं. फिर मारपीट करते हुए नगदी और सामना लूटकर फरार हो गए. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

गनमैन से पिस्तौल छीनकर युवक ने खुद का भेजा उड़ाया

चंडीगढ़,22 सितंबर। अमृतसर में स्वर्ण मंदिर परिसर में एक युवक ने खुद को गोली मार ली। घायल युवक को इलाज के लिए श्री गुरु नानक देव अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है और मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक ने मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे एक वीआईपी के गनमैन से पिस्तौल छीनी थी। जानकारी के अनुसार कुछ वीआईपी लोग अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने आए थे। वीआईपी लोग स्वर्ण मंदिर के अंदर गए, जबकि उनके सुरक्षाकर्मी बाहर गलियारे में खड़े रहे। इस दौरान एक युवक वहां आया और उसने गनमैन की पिस्तौल छीन ली और खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर हड़कंप मच गया। जिस जगह युवक ने खुद को गोली मारी है, वह गोल्डन टेंपल के ठीक सामने है, जहां दुकानें हैं। इसे प्रवेश द्वार कहते हैं। पुलिस ने बताया कि खुद को गोली मारने वाला व्यक्ति प्रवासी था।

सुधर जाओ, क्वाड ने दी चीन-पाकिस्तान को चेतावनी

न्यूयार्क,22 सितंबर। भारत के खिलाफ आए दिन साजिश करने वाले चीन और पाकिस्तान को क्वाड देशों ने मिलकर चेताया है। क्वाड के संयुक्त बयान में 26/11 के मुंबई आतंकी हमले और पठानकोट आतंकी हमले की निंदा की गई। बयान में कहा गया कि यूएन सिक्योरिटी काउंसिल के 1276 सैंक्शन कमेटी के माध्यम सेन हमलों के साजिशकर्ताओं के खिलाफ कड़ा ऐक्शन होना चाहिए। क्वाड नेताओं ने समान रूप से आतंकवाद और हिंसक कट्टरपंथ की निंदा की। चारों देशों ने मिलकर आतंकवाद से निपटने की प्रतिबद्धता दोहराई।

क्वाड के संयुक्त बयान में कहा गया, मुंबई आतंकी हमले और पठानकोट हमले को लेकर हम फिर से निंदा करते हैं। क्वाड वर्किंग ग्रुप की बैठक में आतंकवाद से निपटने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई थी। यह बैठक बीते साल होनुलुलु में हुई थी और इस बार नवंबर में जापान में होनी है। भारत हमेशा पाकिस्तान के असली चेहरे को दुनिया के सामने बेनकाब करता रहा है। वहीं आतंकवाद को लेकर भारत का रुख हमेशा से कड़ा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत पाकिस्तान को लताड़ने में भी कसर नहीं छोड़ता है। क्वाड' की इस चौथी बैठक के बाद जारी विलमिंगटन घोषणापत्र में कहा गया, 'क्वाड को नेता-स्तरीय प्रारूप में उन्नत किए जाने के चार साल बाद यह समूह रणनीतिक रूप से पहले से कहीं अधिक एकजुट है। 'क्वाड' अच्छे मकसद से बनाया गया समूह है जो हिंद-प्रशांत के लिए वास्तविक, सकारात्मक और स्थायी प्रभाव छोड़ता है।' घोषणापत्र में कहा गया, 'हम इस तथ्य का जश्न मनाते हैं कि केवल चार साल में 'क्वाड' एक महत्वपूर्ण और स्थायी क्षेत्रीय समूह बन गया है जो आगामी कई दशकों तक हिंद प्रशांत को मजबूत करेगा।' इसमें कहा गया, 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चार प्रमुख समुद्री लोकतांत्रिक देशों के रूप में हम इस गतिशील क्षेत्र में उस शांति और स्थिरता को बनाए रखने के लिए स्पष्ट रूप से खड़े हैं जो वैश्विक सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए अनिवार्य है।' उन्होंने चीन का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि समूह किसी भी ऐसी अस्थिरकारी या एकतरफा कार्रवाई का दृढ़ता से विरोध करता है, जो बल या दबाव के जरिए यथास्थिति को बदलने की कोशिश करती है। चीन का दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में कई देशों से विवाद है। वह पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है। दूसरी ओर, वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी इस क्षेत्र पर अपने-अपने दावे करते हैं।

मुंबई आतंकी हमले का भी जिक्र

घोषणापत्र में कहा गया , 'हम क्षेत्र में हाल में किए गए उन अवैध मिसाइल प्रक्षेपणों की निंदा करते हैं जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हैं। हम समुद्री क्षेत्र में हाल में की गई खतरनाक और आक्रामक कार्रवाइयों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। हम एक ऐसा क्षेत्र चाहते हैं, जहां कोई भी देश किसी भी देश पर हावी न हो, जहां सभी देश दबाव से मुक्त हों और अपने भविष्य को निर्धारित करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल कर सकें।' चारों राष्ट्र एक स्थिर और मुक्त अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें मानवाधिकारों, स्वतंत्रता के सिद्धांत, कानून के शासन, लोकतांत्रिक मूल्यों, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान एवं बल प्रयोग या धमकाने पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत रोक के प्रति प्रबल समर्थन शामिल है। 'क्वाड' राष्ट्रों ने हिंद-प्रशांत में प्रशिक्षण के लिए एक नयी क्षेत्रीय समुद्री पहल (मैत्री) की घोषणा की, ताकि क्षेत्र में उनके साझेदार हिंद-प्रशांत समुद्री क्षेत्र जागरूकता (आईपीएमडीए) और 'क्वाड' के साझेदारों की अन्य पहलों के माध्यम से प्रदान किए गए उपकरणों का अधिकतम लाभ उठा सकें जिसकी मदद से वे अपने जलक्षेत्र की निगरानी एवं सुरक्षा कर सकें, अपने कानूनों को लागू कर सकें और गैरकानूनी व्यवहार को रोक सकें। घोषणापत्र में कहा गया है, 'हम 2025 में भारत की मेजबानी में पहली 'मैत्री' कार्यशाला को लेकर उत्सुक हैं। इसके अलावा, हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को बनाए रखने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए 'क्वाड' समुद्री कानूनी वार्ता की शुरुआत का स्वागत करते हैं। 'क्वाड' साझेदार आगामी वर्ष में आईपीएमडीए में नयी तकनीक और डेटा जोड़ने के इच्छुक हैं ताकि क्षेत्र को अत्याधुनिक क्षमता और जानकारी प्रदान करना जारी रखा जा सके।'

भारत ने 280 रन से जीता चेन्नई टेस्ट

चेन्नई,22सितंबर। भारत ने आज पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन बांग्लादेश को 280 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। जी हां, टीम इंडिया ने चेन्नई टेस्ट मैच को जीत लिया है। वहीं रनों के मामले में बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम की ये सबसे बड़ी जीत भी है। इस जीत के हीरो रविचंद्रन अश्विन रहे। उन्होनें 6 विकेट झटके। जानकारी दें कि चेन्नई टेस्ट के तीसरे दिन टीम इंडिया ने कुल 514 रन की बढ़त ली थी। वहीं इसे चेज करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाए थे। उसे जीत के लिए अभी भी 357 रन बनाने थे। लेकिन टीम इंडिया ने बांग्लादेश को दूसरी पारी में 234 रन पर ऑलआउट कर दिया है।

करणी कृपा पॉवर प्लांट हादसे में झुलसे मजदूर के परिजन खा रहे ठोकर

महासमुंद,22 सितंबर। प्लांट में हुए हादसे में 50 प्रतिशत झुलसे मजदूर के परिजनों को प्रबंधन ने पूर्ण स्वस्थ होने तक इलाज कराने, इलाज के दौरान प्रति माह वेतन देने और पूर्ण स्वस्थ होने पर शारीरिक योग्यता के अनुसार कार्य देने का वादा किया था, लेकिन दो माह तक अस्पताल का खर्चा देने के बाद प्लांट प्रबंधन अपने वादे से मुकर गया, यहां तक प्रबंधन ने आज तक हादसे की जानकारी पुलिस को भी नहीं दी है. बात हो रही है महासमुंद जिला मुख्यालय से 13 किमी की दूरी पर ग्राम कौवाझर स्थित करणी कृपा करणी पॉवर प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट की. प्लांट में आसपास के गांव के अकुशल श्रमिक भी काम करते हैं. उन्हीं में से एक यश साहू है, जो प्लांट मे बतौर हेल्पर कार्य करता था. यश साहू प्लांट में काम करके अपनी विधवा मां और छोटे भाई का भरण-पोषण करता था, लेकिन 25 जून 2024 को प्लांट में काम करने

के दौरान क्लिन (भट्ठी) में विस्फोट होने से वह 50 प्रतिशत झुलस गया. प्लांट प्रबंधन ने पुलिस को हादसे की जानकारी दिए बिना ही घायलों को स्थानीय अस्पताल लाया, जहां से यश को गंभीर हालत में रायपुर रेफर किया गया. यश साहू के परिजनों का कहना है कि प्लांट प्रबंधन ने यश को रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, साथ ही वादा किया कि यश जब तक पूर्ण रुप से स्वस्थ नहीं हो जाता इलाज का पूरा खर्च उठाएंगे. इसके साथ जब तक यश ठीक नहीं हो जाता, तब तक पैसा दिया जाएगा और ठीक हो जाने के बाद शारीरिक क्षमता के अनुसार कार्य दिया जाएगा, लेकिन प्रबंधन ने मात्र दो महीने यश का इलाज कराया, और जब यश साहू डिस्चार्ज होकर घर आ गया तो इलाज का पैसा देना बंद कर दिया. यश अभी भी पूर्ण रुप से स्वस्थ नहीं है. चिकित्सक यश के पूर्णतः स्वस्थ होने में एक वर्ष का समय लग जाने की बात कह रहे हैं. यश अपने घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य है, और ऐसी हालात में कहीं दूसरी जगह भी काम नहीं कर सकता है. ऐसे में उसके परिवार के समक्ष आर्थिक संकट आ गया है. यश साहू ने बताया कि उसने कई बार प्लांट प्रबंधन से संपर्क साधने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया. आखिरी में थक कर यश ने विधायक के साथ थाने में शिकायत की है. वहीं पीड़ित की मां का कहना है कि प्लांट प्रबंधन वादा करके भी मुआवजा नहीं दे रही है. यही स्थिति रही तो आत्महत्या करने की नौबत आ जाएगी.करणी कृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन ने सूचना पुलिस को नही दी न ही कोई जानकारी प्रशासन को दी. बावजूद इसके पीड़ित को मुआवजा देने के बजाय मुकर गयी.

ट्रेन पलटाने की बड़ी साजिश नाकाम, पटरी पर मिला सिलेंडर

लखनऊ,22सितंबर। कानपुर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र में प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के निकट रेल की पटरी पर रविवार सुबह एक गैस सिलेंडर मिला, जिसके बाद लोको पायलट (चालक) ने मालगाड़ी रोक दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मालगाड़ी के लोको-पायलट द्वारा आपातकालीन ब्रेक लगाने के बाद रविवार सुबह एक और ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश नाकाम हो गयी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब मालगाड़ी कानपुर से प्रयागराज की ओर जा

रही थी। लगभग एक महीने के भीतर यह तीसरी घटना है, जब रेल सेवा को बाधित करने की कोशिश की गयी है।रविवार को जारी एक बयान में कहा गया कि आज सुबह लगभग आठ बजकर 10 मिनट पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पुलिस ने सूचना दी कि प्रेमपुर स्टेशन से इलाहाबाद की तरफ जाने वाले रेलवे मार्ग पर लाल रंग का एक सिलेंडर पटरी पर रखा हुआ है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस ने तत्काल प्रेमपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। यह पाया गया कि लाल रंग का खाली सिलेंडर पटरी पर रखा हुआ था।कानपुर पूर्व के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि लोको पायलट ने रेलवे अधिकारियों को सतर्क किया, जिन्होंने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और कानपुर पुलिस को सूचना दी और मामले की जांच शुरू की गयी। डीसीपी ने बताया कि मालगाड़ी के लोको पायलट ने पांच किलोग्राम वजन का एलपीजी सिलेंडर देखा, जिसके बाद आपातकालीन ब्रेक लगाकर कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही मालगाड़ी को रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि खोजी कुत्तों को बच्ची का सामान लगाया गया और फोरेंसिक विशेषज्ञों को भी बुलाया गया। उन्होंने पाया कि एलपीजी सिलेंडर खाली था।

एयर स्ट्रिप मामले में जांच समिति का गठन

कोरबा,22 सितंबर। बालको एयर स्ट्रिप तीन दिन पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष प्लेन हादसा का शिकार होते होते बच गए थे. मामले में बालको और सीएसईबी को नोटिस जारी करने के बाद कोरबा कलेक्टर ने तीन सदस्यीय टीम तैयार कर जांच रिपोर्ट जल्द देने का निर्देश दिया है. कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि कोरबा प्रवास के दौरान जनप्रतिनिधियों के प्लान में लैंडिंग के समय एयर स्ट्रिप में गुणवत्ता को

लेकर शिकायत की गई, जिसके आधार पर नोटिस भी जारी किया गया है. अब तीन सदस्य टीम बनाकर एयर स्ट्रिप की जांच करने को कहा गया है, आगे नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि भाजपा के वरिष्ठ नेता विकास महतो की माता के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने मंत्री ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव सवार से आए थे. विमान के लैंडिंग के दौरान रुगमरा स्थित बालको एयर स्ट्रिप की खराबी की वजह से दो बार उछला था, जिसके बाद पायलट ने सूझ-बूझ से विमान को सुरक्षित लैंड कराया था. बताया जा रहा है कि खराबी की वजह से एयर स्ट्रिप प्लेन लैंडिंग लायक नहीं था, लेकिन इसके बाद भी विमान को लैंडिंग की अनुमति दी गई. विमान के हादसे का शिकार होने की बात सामने आने के बाद आनन-फानन में बालको की टीम एयर स्ट्रिप पहुंचकर सुधार कार्य और साफ-सफाई की थी.

बच्ची को सांप ने डसा, डॉक्टर करते रहे पेट दर्द का इलाज

रायगढ़,22 सितंबर। धरमजयगढ़ ब्लॉक के मिरीगुड़ा गांव में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां दिनभर पेट दर्द का इलाज कर रहे डॉक्टरों को शाम में पता चला कि बच्ची को सांप ने काटा है। बच्ची के परिजनों ने उसे पेट दर्द की शिकायत पर धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन शाम तक दर्द में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों ने बच्ची के शरीर की जांच की, जिसमें पैर पर सांप के डसने का निशान दिखाई दिया। डॉक्टरों ने निशान देखकर पुष्टि की कि बच्ची को सांप ने काटा है। फिलहाल बच्ची का इलाज सिविल अस्पताल में जारी है,

नगर निगम की गाड़ी में लगी आग.

रायपुर,22 सितंबर। नगर निगम की कचरा एकत्र करने वाली गाड़ी में रविवार को आग लग गई. ये हादसा डीआरएम ऑफिस के ठीक सामने ब्रिज के पास हुआ. आग की लपटे गाड़ी से निकलती रही, ये हादसा कैसे हुआ ये स्पष्ट नहीं हो सका है. जानकारी के मुताबिक ये गाड़ी जोन क्रमांक 1 की थी. हालांकि अब आग को बुझा लिया गया है.

मोदी ने बाइडेन को गिफ्ट किया चांदी का 'ट्रेन इंजन'

न्यूयार्क,22 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन से जब उनके निजी निवास में मुलाकात के दौरान उन्हें उपहार भी भेंट किया। पीएम मोदी क्वाड नेताओं की छठवीं शिखर बैठक में भाग लेने शुक्रवार को जब राष्ट्रपति बाइडेन के गृहनगर विलमिंगटन में पहुंचने पर उन्होंने उनकी पत्नी जिल बाइडेन से भी मुलाकात की। अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति चुनावों से श्री बिडेन ने अपना नाम वापस ले लेने के बाद उनकी पारी का यह आखिरी दौर है। बाइडेन ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को हाथ से चांदी से उत्कीर्ण एक पुराना भाप इंजन से चलने वाली रेलगाड़ी का मॉडल उपहार में दिया। यह पुराना चांदी का ट्रेन मॉडल एक दुर्लभ और असाधारण कलाकृति है जिसे चांदी के समृद्ध शिल्प कौशल की विरासत के लिए प्रसिद्ध महाराष्ट्र के कारीगरों द्वारा विशेष रूप से तैयार किया गया है। 92.5 प्रतिशत चांदी से बना यह मॉडल भारतीय धातु कलात्मकता के भव्यता को प्रदर्शित करता है। इसमें पारंपरिक तकनीकों जैसे उत्कीर्णन, रिपॉसे (उभरे हुए डिजाइन बनाने के लिए पीछे से हथौड़ा मारना) और जटिल फिलाग्री काम आदि शामिल हैं। भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाते हुए, ट्रेन मॉडल को मुख्य गाड़ी के किनारों पर -डेल्ही - डेलावेयर÷ और भारत में यात्री ट्रेनों पर इंजन के किनारों पर अंग्रेजी और हिंदी में इस्तेमाल किए गए मानक प्रारूप के आधार पर ÷भारतीय रेलवे÷ उकेरा गया है। यह उत्कृष्ट कृति न केवल कारीगर के असाधारण कौशल को उजागर करती है बल्कि भारतीय रेलवे के लंबे इतिहास और इसके वैश्विक प्रभावों का एक शानदार प्रमाण भी है।

जिल बाइडेन को तोहफे में दिया पश्मीना शॉल-इसी प्रकार से अमेरिका की प्रथम महिला जिल बिडेन के लिये पेपर मैशी बॉक्स में पैक एक पश्मीना शॉल का

उपहार भेंट किया गया। असाधारण गुणवत्ता और अद्वितीय सुंदरता की पश्मीना शॉल जम्मू कश्मीर की पहचान है। यह लद्दाख के ऊंचे इलाकों में पाई जाने वाली चांगथांगी बकरी की ऊन से बनायी जाती है। इस ऊन अविश्वसनीय रूप से महीन और मुलायम रेशे, जिसे पश्म के नाम से जाना जाता है, को हाथ से कंघी किया जाता है। कुशल कारीगर पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक तकनीकों का उपयोग करके हाथ से पश्म को ऊनी सूत बनाते हैं। पश्मीना शॉल का रंग-रूप अत्यंत विविध है। पौधों और खनिजों से प्राप्त प्राकृतिक रंग कपड़े को जीवंत रंग प्रदान करते हैं। पश्मीना शॉल पीढ़ियों से चली आ रही विरासत है, जो अपने धागों में यादें और भावनाएं समेटे हुए है।समकालीन डिजाइनर आधुनिक संवेदनाओं को शामिल कर रहे हैं, बोल्ड रंगों, चंचल पैटर्न और यहां तक कि फ्यूजन शैलियों के साथ प्रयोग कर रहे हैं ताकि पश्मीना की विरासत पीढ़ियों और संस्कृतियों के दिलों को लुभाती हुई प्रासंगिक बनी रहे। पश्मीना शॉल पारंपरिक रूप से जम्मू-कश्मीर से पेपर मैशी बक्से में पैक किए जाते हैं, जो अपनी उत्कृष्ट सुंदरता और शिल्प कौशल के लिए प्रसिद्ध हैं। ये बक्से कागज की लुगदी, गोंद और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों के मिश्रण का उपयोग करके हस्तनिर्मित हैं। प्रत्येक बक्सा कला का एक अनूठा नमूना है, जो कश्मीर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। ये बक्से न केवल उपयोग में लाये जाते हैं बल्कि अपने आप में सजावटी वस्तुओं के रूप में भी काम करते हैं। बाइडेन ने पीएम मोदी का इन शानदार उपहारों के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मोदी ने भारत-अमेरिका साझेदारी को गति देने में राष्ट्रपति बिडेन द्वारा किए गए अद्वितीय योगदान के लिए अपनी सराहना व्यक्त की। उन्होंने जून 2023 में अमेरिका की अपनी राजकीय यात्रा और जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए सितंबर 2023 में राष्ट्रपति बिडेन की भारत यात्रा को गर्मजोशी से याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्राओं ने भारत-अमेरिका साझीदारी को अधिक गतिशीलता और गहराई प्रदान की है। प्रधान मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और अमेरिका को आज एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझीदारी का गौरव हासिल है जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों एवं हितों और लोगों के बीच जीवंत संबंधों द्वारा संचालित सभी क्षेत्रों को कवर करता है। दोनों नेताओं ने

साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरों पर खिली मुस्कान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,22 सितंबर। सरस्वती सायकल योजना के तहत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय सिग्नल चौक कवर्धा में कक्षा 9 वीं की छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम में पधारे मुख्यातिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद सतीष पांडेय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ही है जिन्होंने पुराने संसद भवन से नई संसद भवन के शुभारम्भ के अवसर पर विधानसभा एवम लोकसभा में महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण का संविधान पारित कराया , आज महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है, चाहे वह देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मु हो या देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी हो , अंतरिक्ष में - सुनीता विलियम , विज्ञान , खेलकूद -हरमनप्रीत कौर मनु भाकर मीराबाई चाणूर, शासकीय सेवा में किरण बेदी हो या रेल लोको पायलट यहाँ तक कि भारतीय सेना में भी हमारे देश की बिटिया पुरुषों से एक कदम आगे बढ़ कर देश सेवा कर रही है । विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से मान. सांसद जी ने सभा मे उपस्थित सभी बेटियों का उत्साह वर्धन किया ।बहुत ही शानदार पारिवारिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में , मानव जीवन मे अर्जित या कमाई गई सभी सम्पत्तियों का बंटवारा हो सकता है , परन्तु ग्रहण किये गए शिक्षा या ज्ञानार्जन का बंटवारा नही हो सकता न. पा. परिषद के अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने अपने उद्बोधन में उक्त बातें कही।जिला उपाध्यक्ष भाजपा जसविंदर बग्गा ने भी निःशुल्क सायकल वितरण योजना की सराहना करते हुए कहा कि आज केंद्र में मोदी सरकार एवम राज्य में साय सरकार महिलाओ के लिए अनेक लाभकारी योजनाओ के माध्यम से बहन बेटियों को सामाजिक, आर्थिक एवम राजनैतिक सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है । भाजपा शहर महामंत्री चन्द्र प्रकाश चन्द्रवंशी ने भी सम्बोधित करते हुए बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन करने हेतु पूर्व एवम वर्तमान भाजपा सरकार के प्रति धन्यवाद एवम आभार व्यक्त किये , जिनके कारण आज बेटियां बीच मे अपनी पढ़ाई नही छोड़ रही है , जिसके कारण आज बीच मे या अधूरी पढ़ाई छोड़ने वाली छात्राओं की संख्या में बहुत ही कमी आई है । इस अवसर पर पार्षद पवन जायसवाल, रिंकेश वैष्णव, रूपेश जैन, राजेन्द्र सलूजा, सुनील दोषी, पन्ना अग्रवाल, पीयूष टाटिया , हर्ष खुराना, यशवंत भट्ट , सुनील अग्रवाल के साथ शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जशवंत सिंग छाबड़ा विद्यालय परिवार भी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे । संस्था के प्राचार्य आर. पी. सिंह ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

एक नजर

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य मुलाकात

उतई,22 सितंबर। राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में चुने जाने के उपरांत दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रायपुर मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की जहां उन्होंने हमारा स्वागत अभिनंदन किया और यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान करने बाद कुशल कार्यकाल हेतु मार्गदर्शन व आशीर्वाद प्रदान किया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बीएसपी में सफाई की,शपथ दिलाई

भिलाई, 22 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र परिसर, संयंत्र के विभिन्न विभागों तथा टाउनशिप में विभिन्न गतिविधियों और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल विभाग के कैंटीन परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया और सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल रूआबांधा तथा ईएमएमएस, सेक्टर-1 में स्वच्छता अभियान चलाया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 21 सितम्बर को सेक्टर-8 महिला महाविद्यालय के सामने वृक्षारोपण किया जाएगा।

पति-पत्नी से लाखों की ठगी,जुर्म दर्ज

भिलाई, 22 सितंबर। पति-पत्नी ने ब्लैकमेलिंग कर कारोबारी से लाखों रुपए ठगी किया शिकायत पर धारा 308 (2), 308 (3), 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी कारोबारी अमित कुमार पाण्डेय ने शिकायत किया है कि राम नगर सुपेला की रहने वाली पूजा विदौलिया नामक युवती ब्लैकमेल कर 30 लाख रूपये लेकर जान से मारने की धमकी दी है पूजा ने पीड़ित को विश्वास में लेकर रिलेशनशिप में रहनी लगी पूजा चौहान ग्रीन वेली के मकान मे रहती थी अमित और पूजा कुछ दिन बाद दोनों अलग हो गए पूजा ने अलग होने के एवज में अमित से 10 लाख रूपये का डिमांड की पीड़ित ने 8 लाख रूपये नगद व 2 लाख पूजा के बैंक खाते में ट्रांसफर किया। फिर दोबारा पूजा ने वैशाली नगर अमित को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पूजा ने 8 लाख की जेवरात, 2 लाख के कपडा अमित पाण्डेय से लिया। उसके 9 माह बाद सूरज शुक्ला उर्फ प्रतीक अग्निवंशी से विवाह कर ली। पति-पत्नी मिलकर अमित पाण्डेय को ब्लैकमेल करने लगे धमकी देकर अमित से फिर 7-8 लाख रूपये लिया जो पूजा के खाते में ट्रांसफर किया। इसके बाद भी लगातार पूजा और सूरज शुक्ला ब्लैकमेल कर पीड़ित के बच्चों को परिवार को जान से मारने की धमकी दिया करते थे। झूठे केस में फंसाने की भी धमकी देती रही परेशान होकर पीड़ित ने शिकायत पुलिस से किया।

साइबर प्रहरी ग्रुप देगा सूचना पुलिस को

भिलाई, 22 सितंबर। भिलाई गांजा, नशीली दवाई, ब्राउन शुगर सहित अन्य नशे के सामान की तस्करी व व्यापार करने वालों और मवेशी तस्करों की सूचना प्राप्त करने के लिए पुलिस अब साइबर प्रहरी ग्रुप की भी मदद लेगी इस ग्रुप से अब तक लोगों को सिर्फ जागरूक किया जा रहा था, लेकिन पुलिस इसी ग्रुप को अपने सूचना तंत्र के रूप में इस्तेमाल करने वाली है ग्रुप में लोगों की संख्या बढ़ाई जा रही है। साथ ही हर व्यक्ति से संपर्क कर उन्हें इस बात के लिए प्रेरित किया जा रहा है कि यदि उन्हें कहीं भी अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो वे ग्रुप के एडमिन पुलिस कर्मियों को निजी तौर पर मैसेज कर जानकारी दें ताकि अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके साथ ही सूचना देने वालों की पहचान भी गोपनीय रखी जा सके बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश के बाद पुलिस ने नशीले पदार्थ जैसे गांजा, ब्राउन शुगर, हेरोइन और नशीली दवाइयों का कारोबार करने वालों और तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। साथ ही मवेशी तस्करों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई कर रही है। इन अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के पुराने रिकार्ड और मुखबिर से मिलने वाली जानकारी के आधार पर अब तक काफी कार्रवाई की गई है अब पुलिस आम लोगों से इन अवैध कारोबारियों की सूचना प्राप्त करने के लिए साइबर प्रहरी ग्रुप की मदद लेने वाली है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थानों की टीम ने अपने अपने क्षेत्र के साइबर प्रहरी ग्रुप में और भी लोगों को जोड़ना शुरू कर दिया है हर ग्रुप में करीब 500 लोगों को शामिल करने का लक्ष्य बनाकर काम किया जा रहा है कार्रवाई के लिए सूचना तंत्र मजबूत करने पुलिस लोगों को जोड़ रही पुलिस अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर प्रेरित कर रही सभी थाना और चौकी की टीम ने बनाए हैं ग्रुप जिले के सभी थाना व चौकी के बीट प्रभारियों ने अपने-अपने बीट का एक ग्रुप बनाया है। उस ग्रुप में रोजाना साइबर अपराध से जागरूक करने से संबंधित पोस्ट किए जाते हैं ।

2.5 करोड़ बकाया राशि नहीं पटाने वाले मिल में कार्रवाई से मिलरों में मचा हड़कंप

भिलाई, 22 सितंबर। लगभग 2.5 करोड़ की बकाया राशि नहीं पटाने की स्थिति में एनफोर्समेंट डायरेक्टर सूर्यकान्त यादव (सूर्या) के नेतृत्व में राइस मिल को जब्ती करने की कार्रवाई की गई। कलेक्टर के आदेश के बाद तहसीलदार की उपस्थिति में मोहला थाना क्षेत्र के राइस मिल को जब्ती करने की कार्रवाई के दौरान हड़कंप मच गया था। लगभग 2.5 करोड़ की बकाया राशि नहीं पटाने की स्थिति में की गयी कार्रवाई के बाद बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गयी है। बीओबी के क्षेत्रीय प्रबंधन एवं उप क्षेत्रीय प्रबंधक दुर्ग, प्रबंधक एनपीए प्रशांत के निर्देश के बाद कार्रवाई की गई एवं सूर्यकांत यादव (सूर्या) के नेतृत्व में योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करने के बाद ताला बंद कर सील करने की कार्रवाई की गई। पूरी कार्रवाई में मोहला थाना से पुलिस बल, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं अन्य राजस्व अमला, बॉब प्राधिकृत अधिकारी एवं अन्य मौजूद थे। पिछले 12 दिन में यह राजनांदगांव में 4 मंजिल फ्लैट पूरी इमारत, छुरिया में मकान और मोहला में राइस मिल की यह तीसरी सबसे बड़ी कार्रवाई है बॉब के द्वारा की गई। ऐसा महसूस होता है कि बॉब के द्वारा ताला मारकर सील करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

एनसीसी कैडेटों ने थैलेसीमिया व सिकल सेल के प्रति लोगों को जागरूक करने रैली निकाली

भिलाई नगर। 37 छग बटालियन एनसीसी दुर्ग के कमान अधिकारी के निर्देशानुसार कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने सेक्टर सात के विभिन्न सड़कों व मार्केट में थैलेसीमिया व सिकल सेल जागरुकता रैली निकाली। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 आरुपी0 अग्रवाल ने फ्लैग दिखाकर रवाना किया।रैली को संचालित कर रहे महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने बताया कि रैली के पूर्व एनसीसी कैडेटों को थैलेसीमिया व सिकल सेल बिमारी क्या है, उसके लक्षण, प्रकार व बचाव के बारे में पूर्ण जानकारी दी तथा बताया कि भारत देश में अब तक लगभग ढाई करोड़ लोग इस बीमारी से प्रभावित है और जन्म लेने वाले शिशुओं में प्रतिवर्ष लगभग दस से पंद्रह हजार इस बीमारी से पीड़ित हैं। यह बीमारी बहुत खर्चीला है और इससे बचने का सबसे सरल उपाय समय समय पर व विवाह पूर्व अनिवार्य रूप से रक्त परीक्षण कराना है। रैली में कैडेटों ने मुख्य रूप से ये नारा लगाते रहे। थैलीसीमिया, सिकल सेल को हराना है, विवाह पूर्व रक्त परीक्षण कराना है:- थैलीसीमिया सिकल सेल बीमारी को जड़ से मिटाना है, समय समय पर रक्त परीक्षण कराना है।

कोसरिया मरार पटेल समाज पाटन राज की बैठक में धमधा कार्यक्रम की जानकारी दी

उतई, 22 सितंबर। जिसमें सर्वप्रथम माँ शाकम्भरी की पूजा अर्चना किया गया तद्पश्चात अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल द्वारा अध्यक्षीय उदबोधन दिया गया जिसमें समाज के पंजीयन होने की जानकारी,युवक,युवती परिचय सम्मेलन दुर्ग जिला के ग्राम धमधा में होने की जानकारी व राज के सभी पालकों को धमधा के कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु प्रेरित किया गया तथा राज से प्राप्त विभिन्न आवेदनों पर विचार किया गयाइस अवसर पर अध्यक्ष- लक्ष्मी नारायण पटेल,दुर्ग जिला अध्यक्ष- आत्माराम पटेल संरक्षक गौकरण पटेल,पवन पटेल,रामबदन पटेल,हुलेश्वर पटेल,शंकर पटेल,नरसिंह पटेल,गेंदलाल पटेल,धनेश्वर पटेल,शत्रुहन पटेल,काशीराम पटेल,योगेश पटेल,रामकुमार पटेल,गौतम पटेल,महिला प्रकोष्ठ से हेमलता पटेल,योगिता पटेल,जानकी पटेल,राजकुमारी पटेल,व बीरेंद्र पटेल, एवं समस्त ग्राम प्रमुख,व बड़ी संख्या में समाज के सद्स्यगण उपस्थित रहे।

नशा मुक्ति अभियान का प्रचार चौक-चौराहों में नुक्कड़ सभा,पोस्टरों से होना चाहिए ,आम लोगों की राय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 22 सितंबर। सुबह सुबह तरुण छत्तीसगढ़ ने नशामुक्ति अभियान पर लोगो की प्रतिक्रिया ली । नशा मुक्ति अभियान पर प्रतिक्रिया देते हुए पेट्रोल पंप के स्टाफ प्रकाश यादव ने कहा की .नशा मुक्ति अभियान की कमी दिखती है और मेरा विचार है की नशा मुक्ति अभियान गांव और शहरो में चौक चौराहों में नुक्कड़ सभा और बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार होना चाहिए । शराब बंद पूर्णत हो और नशा मुक्ति अभियान जागरूकता गांवो और शहरो में चौक चौराहे पर सिग्नल चौक पर नुक्कड़ सभा के द्वारा होनी चाहिए । रोहित साहू और शिव साहू ने कहा की नशा युक्त पेय पदार्थ बिकना पूरी तरह बंद हो लगातार अपराध बढ़ रहे है शराब पीने के कारण जो चिंताजनक है । समोसा बेचने वाले और पूर्व सांसद प्रत्याशी ने कहा की शराब बिक्री पर जल्द से जल्द प्रतिबंध लगना चाहिए । उच्च शिक्षा में रिटायर्ड लेखापाल ए के चौहान ने बताया की शराब बिकना जितना जल्दी बंद हो जाए बहुत अच्छा है सुंदर समाज बनेगा और अपराध पर रोक लगेगी । पोड़ी गांव के बलराम कुंभकार ने भी कहा की शराब बंदी अवश्य लागू होना चाहिए क्योंकि शराब से भविष्य बर्बाद होती है । श्रीमती ललिता ने भी कहा की शराब पीने के कारण अधिकतर घरों में झगड़े होते हुए दिखते है और नशा मुक्ति अभियान के साथ साथ शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगना चाहिए । पर्यावरण प्रेमी विष्णु सिन्हा ने भी कहा की शराब बंदी अवश्य होनी चाहिए ।

चंद्रहासिनी मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने देवी माता की पूजा-अर्चना की

कवर्धा,22 सितंबर। चंद्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर में डभरा के ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता सोमकांत साहू , परमेश्वर पटेल, प्रकाशचंद गुप्ता , गोपालपुर सरपंच रुद्र कुमार मेहर ने अगरबत्ती जलाकर नारियल , फल और मिठाई चढ़ा कर चंद्रहासिनी देवी माता कि पूजा की । भिलाई , दुर्ग , रायपुर , बिलासपुर से भी श्रद्धालु चंद्रहासिनी देवी माता की पूजा करने चंद्रपुर आते है । एसडीओ सोमकांत साहू ने बताया की पूजा करने से मन को शांति मिलती है और मनोकामना भी पूरी होती है । शनिवार को अच्छी भिड़ देखी जाती है लेकिन नवरात्रि में भारी भीड़ होती है ।

छात्र-छात्राओं को सुरक्षा और नए कानून जानकारी दी गई

कवर्धा,22 सितंबर। विगत दिनों शा हाई स्कुल नेऊरगाँव कला में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बच्चों को सुरक्षा अधिकार एवं संरक्षण के बारे में बताया गया । छात्र छात्राओं को नए कानून की जानकारी भी दी गई ।

जिले के नए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया

कवर्धा,22 सितंबर। कबीरधाम जिले के नव पदस्थ कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा (आईएएस 2016) ने शनिवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा को कार्यभार ग्रहण कराने की औपचारिकताएं पूरी की। उन्होंने नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा को कबीरधाम जिले के प्रशासनिक तथा भौगोलिक स्थिति की पूरी जानकारी दी।

निवर्तमान कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले में 2 वर्ष 2 माह बीस दिन तक कलेक्टर के तौर पर अपनी सेवाएं दी। उन्होंने कलेक्टर गोपाल वर्मा को जिले की नई जिम्मेदारी मिलने के लिए बधाई दी और जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से परिचय कराया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय में जिला स्तरीय अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर निर्भय साहू, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ो, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, पंडरिया संदीप ठाकुर, लोहारा सुश्री आकांक्षा नायक, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन सहित अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा सरकार,पुलिस की सदबुद्धि के लिए एनएसयूआई ने किया यज्ञ

भिलाई, 21 सितंबर। छत्तीसगढ़ एनएसयूआई द्वारा बलौदाबाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार भिलाई विधायक देवेंद्र यादव जी व सतनामी समाज के निर्दोष युवा साथियों के रिहाई के लिए सेक्टर 9 स्थित भिलाई के सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर में सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से ईश्वर से छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार व छत्तीसगढ़ पुलिस को सद्बुद्धि देने के लिए प्रार्थना की गई। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आकाश कनोजिया ने बताया कि राज्य की पुलिस व सरकार भिलाई विधायक देवेंद्र यादव जी पर व सतनामी समाज के निर्दोष के ऊपर बेतुकी कार्रवाई कर रही है व साक्ष्य के अभाव में भी लगातार भिलाई विधायक को जेल में रखे हुई है। जोकि छत्तीसगढ़ में चल रही तानाशाही को उजागर करती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सौरभ मिश्रा, राम यादव, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष गुरलीन सिंह, दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र बाघमारे, दुर्ग शहर अध्यक्ष विनीश साहू, जिला उपाध्यक्ष राहुल सिंह, केतन तिवारी, निक्कू चौबे, अभिषेक सिंह, अमन कुमार, दीपक पाल, कैलाश ठाकुर, युवराज चौरसिया, अविनाश पाल,अभिषेक मिश्रा, न्यूक सिंह, मेहुल यादव, निखिल, फीयांशु साहू, आनंद यदु, साहिल, अमन, गुलशन एवं कई एनएसयूआई के महिला विंग की साथी उपस्थित रहे।

जिले के सर्वांगीण विकास पर विशेष फोकस: कलेक्टर

कवर्धा,22 सितंबर। कबीरधाम जिले के नए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने प्रेसवार्ता के दौरान तरुण छत्तीसगढ़ के प्राथमिकता के सवाल पर कलेक्टर ने कहा की जिले का सर्वांगीण विकास के साथ साथ शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष फोकस रहेगा ।

स्ट्रीट वेंडरों के लिए कार्यशाला आयोजित

भिलाई, 22 सितंबर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के तहत निगम सभागार में स्ट्रीट वेंडरो की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रमुख रूप से छोटे व्यवसाय करने वाले व्यवसाइयों को अपने दुकानों एवं आस-पास के क्षेत्रो में गंदगी न फैलाने, स्वच्छता के संबंध में प्रचार-प्रसार करने एवं नागरिकों को स्वच्छता के साथ खाद्य सामग्री वितरित करने की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें चलचित्र दिखाकर यह समझाया गया कि किस प्रकार से व्यवसाय करने से उन्हे अधिक आमदनी होगा। ग्राहक भी उनके दुकान पर अधिक आएंगे। खाद्य सामग्री स्वास्थ्यवर्धक रहेगी। स्ट्रीट वेंडर को यह भी सिखाया गया कि हम सब साफ सफाई करते हैं। गंदगी इधर-उधर नहीं फैलाते हैं। सही साफ-सुथरा कपड़ा पहनकर खादय सामग्री बनाते हैं इससे सभी प्रकार के ग्राहक खिंचे चले आते हैं। सभी वेंडरों को पहनने के लिए एप्रान, ग्लब्स, पोछने के लिए कपड़ा, सर में पहनने के लिए टोपी इत्यादि वितरित किया गया। वेंडरों की मांग थी कि उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया जाये। जिससे कोई भी व्यक्ति उन्हें परेशान न करे। उनके पास प्रमाण पत्र हो। वेंडर को उनके ट्रेड के अनुसार सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। वेंडरो के तरफ से कुछ मांग भी की गई थी उसे पुरा किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान से जुड़कर वेंडरो ने खुशी जाहिर की। लोगों ने एक साथ मिलकर स्वच्छता ही सेवा की शपथ ली। कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से नोडल अधिकारी अनिल सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, सीईओ, सीआरपी, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन 03 से जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत माझी, वीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक सी एम यादव, अर्बन कंपनी जोनल विनोद, शहरी आजीविका मिशन से अमन पटले, एकता शर्मा, ननली तनेजा सुपरवाइजर बीरबल बघेल, किरण कुमार बंजारे, पराठा सेंटर, आरती चाय, बालाजी पराठा, अंकुर पराठा एवं दिलीप डेली नीड्स इत्यादि उपस्थित रहे।

स्ट्रीट फूड बेचने वालों को आयुक्त ने बताया जुर्माने से कैसे बचें

रिसाली। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र स्टेशन मरोदा के स्ट्रीट फूड वेन्डर के लिए रिसाली नगर पालिक निगम ने कार्यशाला का आयोजन किया। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने स्ट्रीट वेंडरों को बताया कि अपने पसरा, ठेला और गुमटी के आस पास स्वच्छता बनाए। खाने पीने के सामान को ढक कर रखें, अन्यथा निगम उन्हें दोषी मानते हर रोज जुर्माना वसूल करेगा। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्ट्रीट वेन्डरों को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा से जोड़ना है। निगम आयुक्त ने वेन्डरों के बीच ही कार्यशाला का आयोजन कराया। उन्होंने बताया कि वेन्डर अपने पास डस्टबीन रखें। वन टाइम यूज पॉलीथीन का उपयोग पूर्णतः बंद कर दें। गीला व सूखा कचरा मिक्स न दें और न ही कचरे को खुले स्थान में फेकें। निगम के डोर टू डोर कलेक्शन गाड़ी को ही कचरा दें। ऐसा नहीं करने पर पहली बार 500 और दूसरी या तीसरी बार में यह राशि चार गुना तक वसूल की जाएगी। कार्यशाला में 60 से भी अधिक वेन्डर शामिल थे। निगम की ओर से सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा, पी.आई.यू. विजय कश्यप, आकाश मिश्रा आदि उपस्थित थे। कार्यशाला के पहले अधिकारियों ने चौपाटी का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि अरविंद चाय के संचालक अरविंद तांती ने अपने गुमटी में सफाई को पहले पायदान पर रखा है। चाय-कॉफी बनाने से लेकर बर्तन, गिलास के रखरखाव को लेकर विशेष ध्यान रखता है। यही वजह से उसके पास सामान्य से अधिक हर वर्ग के ग्राहक पहुंचते हैं। स्वच्छता को पहले पायदान पर रखने वाले अरविंद चाय के संचालक को प्रमाण पत्र देकर आयुक्त ने सम्मानित किया। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना की जानकारी दी गई। सिटी मिशन प्रबंधक आइरा आनंद व अरूणा धृतलहरे, सहायक परियोजना अधिकारी सुरेश देवांगन ने स्ट्रीट वेन्डर को 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार ऋण के बारे में बताया। कार्यशाला स्थल पर लोन मेला का आयोजन किया गया। आयुक्त मोनिका वर्मा ने स्ट्रीट वेन्डरों को जानकारी दी कि वे जल्द ही मौहारी व स्टेशन मरोदा के मार्ग को व्यवस्थित करेंगी। सड़क किनारे पसरा लगाकर सामान बेचने वालों को पौनी पसारी के तहत चबुतरा आवंटन करेंगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद चबूतरा आवंटन का कार्य किया जाएगा।

पत्रकारिता व संस्कार की माला थे मालूराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा 22 सितंबर। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज तिल्दा-नेवरा के प्रेरणास्रोत, संरक्षक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता, वरिष्ठ जनसंघी, सरस्वती शिशु मंदिर तिल्दा नेवरा के प्रथम व्यवस्थापक, मीसाबंदी तथा वरिष्ठ पत्रकार पंडित मालूराम जी शर्मा उम्र 86 हम सब के बीच नहीं रहे। 12 सितंबर को उनका देवलोक गमन हो गया। पंडित मालूराम शर्मा आपात काल में करीब 19 महीना जेल में थे सादगी पूर्ण तरीके से समाज के लिए एवं राजनीतिक जीवन में संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। बाल्य काल उम्र से ही उनका जीवन संघर्ष पूर्ण रहा। अभावों में भी अपने परिवार को एकजुट तो किया ही बच्चों में भी हिम्मत के बीज बोए। तेरह वर्ष की उम्र में नेवरा में आकर अपनी जिंदगी की शुरुवात व ज्योतिष पंडित के रूप में की और बेटे बेटियो की शादी की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े थे। उनको पालक के रूप में जाना जाता था राष्ट्रीय स्वयंसेवक विश्व हिंदू परिषद, सरस्वती शिशु मंदिर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की स्थापना के साथ सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका में रहे। नवागढ़ श्री गणेश मंदिर ओटगन व राम मंदिर सहित प्रांत के वरिष्ठ श्री शांता राम सर्राफ जी, श्री श्री गोपाल व्यास जी के मार्गदर्शन में धार्मिक कार्यों में अपनी भूमिका दर्ज कराते रहे। पत्रकारिता में युगधर्म स्वदेशी, तरुण छत्तीसगढ़ चेरेवती सहित अन्य पत्र -पत्रिकाओं से जुड़े रहे है स्वर्गीय शर्मा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख सुदर्शन जी और मोहन भागवत जी से पालक के रूप में मिले अंतिम समय तक धार्मिक पूजन दुर्गा सप्तशती अन्य पाठ के साथ साथ अपने जीवन में 21बार श्री मद भागवत का पाठ प्रतिदिन घर पर नियमित किया। अपने जीवन में परिचित रिश्तेदारों के बीच परिवार में समय के अनुसार पोता पोतियों से दोस्ती जैसे चर्चा करना और संस्कार देना भी करेत रहे। भारतीय जनता पार्टी से जनसंघ के वक्त से जुड़े रहे। कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश के नेताओं के बीच जुड़े रहे। सगठन मंत्री स्व गोविंद सारंग व कैलाश सारंग रामाराव नायडू विहिपी स्व रामजी बेस पंद्रीराव जी अशोक बजाज श्याम बैस, श्री रमेश बेस , बृजमोहन अग्रवाल राजेंद्र दुबे, देवजी पटेल, सहित प्रदेश के नेताओं से मधुर संबंध के अलावा वीरेंद्र पांडे जी, सच्चिदानंद उपासने जगदीश उपासने, सोमप्रकाश गिरी जी, रमेश जलान, मस्शके जी रूपनारायण सिन्हा, झूमक्र लाल टावरी, मुरलीधर जी, रामदत्त जी जैसे अनेक लोगो के साथ उनका संबंध रहा है । पत्रकार रहते हुए रायपुर भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार बबन प्रसाद मिश्रा तरुण छत्तीसगढ़ के श्री कौशल किशोर मिश्र जी से घरोबा था पत्रकारिता में अपने पुत्र नरेंद्र शर्मा को सामने लाए राजनीति में रहे स्व विष्णु शर्मा मंडल अध्यक्ष तिल्दा नेवरा का निधन होगया मालुराम जी सामाजिक कार्यों के अलावा सेवा भाव से परिवार को हमेशा केलिए छोड़ गए पत्रकार नरेंद्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा ओमा, सुरेंद्र शर्मा, श्याम शर्मा, पवन शर्मा, स्वर्गीय विष्णु शर्मा के पिता तथा निशांत, शुभम, प्रिंस, सुजल, रुद्राक्ष के दादा थे।

एक नजर

नगर में बड़ी गाड़ियों से बैटरी चुराने वाले गिरोह सक्रिय

डोंगरगांव 22 सितंबर। इन दिनों नगर एवं आसपास क्षेत्रो मे बड़ी हाइवा जैसे 12- 16 चक्का वाहनो से बैटरी चुराने वाला गिरोह सक्रिय हो चुके है पिछले कुछ दिनों मे डोंगरगांव नगर सहित मटिया, ग्राम अर्जुनी जैसे क्षेत्रो मे कई बड़ी गाड़ियों से बैटरी चोरी होने की घटना सामने आ रही है। 12 - 16 चक्का गाड़ियों मे डबल बैटरी लगी होती है जिससे चोर इन्ही बड़ी गाड़ियों को अपना निशाना बना रहे है। डोंगरगांव के पिंटू गुप्ता के हाइवा क्रमांक सी जी 08 ए वाय 1937 से 2 बैटरी, डोंगरगांव मटिया के ललित साहू के दूकान वंश बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर जो की नगर पंचायत के सामने मेन रोड पर स्थित है से हाइवा वाहन क्रमांक सी जी 08 ए एक्स 7311 से 2 बैटरी, अर्जुनी जीतेन्द्र धनकर के हाइवा वाहन क्रमांक सी जी 08 ए डब्लू 9045 से 2 बैटरी एवं अर्जुनी के ही अनिल सोनकर के 2 हाइवा गाडी से 4 बैटरी की चोरी की घटना की जानकारी प्राप्त हुई है इन बड़ी गाड़ियों मे लगी बैटरी की कीमत लगभग 10000 रूपये होती है जिसके कारण गाड़ी मालिकों को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है।ये सभी जानकारी खुद गाडी मालिकों द्वारा बताई गयी। महीने भर मे बड़ी गाड़ियों से बैटरी चोरी होने की कई घटनाये हो चुकी है जिसकी जानकारी गाड़ी मालिकों ने डोंगरगांव पुलिस थाने मे भी दी है मगर अब तक बैटरी चोर गिरोह पुलिस की गिरफ्त से दूर है। जिस वजह से गाडी मालिकों मे नाराजगी देखने को मिल रही है। लगातार नगर एवं आसपास क्षेत्रो मे हाइवा जैसे बड़ी गाड़ियों से बैटरी चोरी होने से परेशान गाडी मालिकों ने जल्द ही राजनांदगांव परिवहन संघ के साथ मिलकर राजनांदगाव पुलिस अधीक्षक से मुलाक़ात कर इस मामले की शिकायत करने की बात कही है। डोंगरगांव सहित आसपास के बड़ी गाड़ियों के बैटरी चोरी होने की वारदात अर्जुनी के जीतेन्द्र धनकर के गाड़ी से बैटरी चुराते चोरो की हरकते वंहा लगे सीसी टी वी मे कैद हो गई मगर चोरो ने अपने चेहरे को पूर्णतः ढका हुआ था जिससे की पहचान नहीं हो पा रही है।

3 अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरफ्तार

राजनांदगांव 22 सितंबर। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी बेबी सिंह पिता मनजीतों संह उम्र 24 साल निवासी शिवाजी नगर चंद्रमा नगर भिलाई थाना खुर्शी पार भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा दिनांक 20.09.2024 को थाना सोमनी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका परिचित बिहार निवासी दीपांशु श्रीवास्तव जो कि करीबन 10 दिन पूर्व प्रार्थी को ग्राम मनगटा में मिलकर प्रार्थी को बैंक खाता का पासबुक, एटीएम कार्ड, रजिस्टर्ड सिमकार्ड, मांगकर उसके एवज में 15000 रूपये देने का प्रलोभन दिया था, उसी दौरान प्रार्थी द्वारा मनगटा में ही आरोपी दीपांशु श्रीवास्तव को अपना पंजाब नेशनल बैंक का खाता, पासबुक, एटीएम कार्ड एवं बैंक खाता से रजिस्टर्ड सीम कार्ड दे दिया गया था। इसके अलावा आरोपी दीपांशु श्रीवास्तव के द्वारा प्रार्थी बेबी सिंह के मित्र हेमंत पटेल को भी खाते के बदले पैसे देने का प्रलोभन देकर प्रार्थी के मित्र हेमंत पटेल का कैनरा बैंक का खाता, पासबुक, एटीएम कार्ड, रजिस्टर्ड सीमकार्ड अपने पास रखकर उन बैंक खातो का इस्तेमाल ऑनलाईन ठगी में कर धोखाधड़ी कर रहे है। प्रार्थी की सूचना पर थाना सोमनी जिला राजनांदगांव में दिनांक 20.09.2024 को आरोपी दीपांशु श्रीवास्तव हाल निवासी शिवाजी नगर चंद्रमा चौक खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग के विरूद्ध अपराध क्रमांक- 228/2024 धारा- 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान पता चला कि आरोपी दिपांशु श्रीवास्तव के द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी के आलावा छत्तीसगढ़ के ही अन्य भोलेभाले लोगों को रूपये पैसों का लालच देकर उनके बैंक खातों, मोबाईल नम्बरों व एटी.एम. कार्ड को अपने पास रख कर उन खातों का फर्जी तरीके से प्रयोग कई राज्यों में पीड़ितों के साथ ऑनलाईन ठगी की रकम को प्राप्त करने के लिए लगातार कर रहें हैं।

राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह का विवादित बयान निंदनीयः सोमन साहू

डोंगरगांव 22 सितंबर। डोंगरगांव यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सोंमन साहू ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह

द्वारा राहुल गांधी पर दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, मंत्री का यह बयान न केवल निंदनीय है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक और राजनीतिक मर्यादाओं के भी विरुद्ध है। राहुल गांधी हमारे देश के एक सम्मानित नेता और कांग्रेस पार्टी के मुख्य स्तंभ हैं। इस तरह के बयान राजनीति की शुचिता को ठेस पहुंचाते हैं। सोंमन साहू ने मांग की है कि मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू अपने इस बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। उन्होंने कहा कि राजनीति में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप की जगह मुद्दों और नीतियों पर चर्चा होनी चाहिए, न कि व्यक्तिगत हमले किए जाने चाहिए।हम ऐसे बयानों की कड़ी निंदा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे के नेताओं के प्रति सम्मानजनक भाषा का प्रयोग करेंगे।

नियद नेल्लानार योजना के तहत नक्सल प्रभावित गांवों में पहुंचेगी बुनियादी सुविधाएं

मोहला 22 सितंबर । छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नक्सल प्रभावित गांवों तक बुनियादी सुविधाएं और कल्याणकारी परियोजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए नियद नेल्लानार योजना (आपका अच्छा गांव योजना) योजना शुरू किया गया है। इस योजना के तहत मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही इन गांवों के ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। नियद नेल्लानार योजना तहत कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने आज जिले के मानपुर विकासखंड के प्रस्तावित 12 ग्रामों - पीटेमेटा, आमाकोडो, टाटेकसा, मिचगांव, नवागांव, बालेर, अरजगुबला, गट्टेपायली, संबलपुर, पुगदा, गट्टेगहन, बुकमरका का दौरा किया ।

दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर नांदगांव बंद रहा:कांग्रेस

राजनांदगांव 22 सितंबर। प्रदेश में कानून व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ रही है, प्रदेश अराजकता की स्थिति बन रही है, असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिल रहा है जिसके कारण प्रदेश की जनता, माताएं बहनें अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है और प्रदेश की भाजपा सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। इसी तरह विगत दिनों कवर्धा जिले के बोडला विकासखंड रेंगाखार के ग्राम लोहारीडीह में विगत दिनों हुई हत्या, आगजनी एवं पुलिस की बेरहम पिटाई से हुई तीन लोगों की मौत से पूरे प्रदेश में तनाव की स्थिति निर्मित हो गयी है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से

चरमरा गई है। जिसको लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के आव्हन पर एक दिवसीय छत्तीसगढ़ बंद पर आज 21 सितंबर को जिला मुख्यालय राजनांदगांव में व्यापारियों व दुकानदारों ने अपना समर्थन देते हुए अपना प्रतिष्ठान बंद रखा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशन में शनिवार 21 सितंबर को सुबह 6 बजे से ही कांग्रेसजन जयस्तंभ चौक से रैली के माध्यम से शहर के गोलबाजार, जूनी हटरी, सब्जी मार्केट, गुड़ाखू लाइन, कामठी लाइन, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक, इंदिरा नगर, नंदई चौक, पुराना बस स्टैण्ड, चिखली, शांतिनगर, ढाबा, नवागांव मोतीपुर होते हुए ममतानगर तुलसीपुर, अनुपम नगर, बसंतपुर से वापस अन्य जगहों पर घूमकर-घुमकर व्यापारियों, दुकानदारों ने जनसमर्थन मांगते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद करने की अपील की। जिस पर दुकानदारों ने स्वस्फूंत होकर अपनी दुकानें बंद रखकर अपना समर्थन दिया।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि मात्र 9 माह के भाजपा सरकार के शासन काल में लगातार अपराधिक गतिविधियां बढ़ी है। गृहमंत्री के क्षेत्र में ही कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रही है।

समाचार संक्षेप

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू की पहल से छुरिया बंद सफल

छुरिया22 सितंबर । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के कवर्धा जिले के ग्राम लोहारीडीह में पुलिस की बेरहम पिटाई से लगातार तीन मौत से पूरे प्रदेश में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है। पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत के दोषियों पर कार्यवाही कर न्याय की मांग को लेकर 21 सितंबर को छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है, लोहारीडीह में हुए हिंसा के विरोध में व पीड़ित परिवार को न्याय तथा दोषियों को सजा दिलाने हेतु एक दिवसीय प्रदेश व्यापी बंद को सफल बनाने के लिएआज खुज्जी विधानसभा के ब्लॉक मुख्यालय छुरिया में सभी व्यापारी भाइयों से खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ,पूर्व विधायक श्रीमती छली साहू के अपील व नगर बंद के लिए व्यपारियो से अपील करने नगर भ्रमण मे श्रीमती राजकुमारी सिन्हा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रितेश जैन, राजु सिन्हा कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, सुनील लारोकर, राहुल तिवारी, मनोज सिन्हा, चुम्मन विपिन यादव साहू,संतोष पटेल, सकील कुरैशी ,रामजी साहू सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी नगर बंद के आयोजन को सफल बनाने साथ दिया।

आदिगुरु पंकज चरण दास की याद में हुआ श्रुति मंडल का आयोजन

खैरागढ़ 22 सितंबर। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कैम्पस-2 स्थित डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा प्रेक्षागृह में शुक्रवार 20 सितंबर को आदिगुरू पंकज चरण दास की याद में इस शिक्षा सत्र के पहले श्रुति मंडल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति श्री सत्य नारायण राठौर, कुलसचिव श्री प्रेम कुमार पटेल, सहायक, अधिष्ठाता दृश्यकला संकाय प्रो.डॉ. राजन यादव, अधिष्ठाता संगीत संकाय, प्रो. नमन दत्त, कुलसचिव श्री राजेश कुमार गुप्ता एवं अन्य अधिकारी व अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. योगेन्द्र चैबे अधिष्ठाता लोकसंगीत एवं कला संकाय के संयोजन तथा डॉ. बिहारी लाल तारम के संगीत संयोजन में कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। सर्वप्रथम भगवान श्रीगणेश की वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई, जिसके बाद छात्रों के द्वारा गेड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद देवार जाति की महिलाओं द्वारा गाये जाने वाली गीत देवार गीत की प्रस्तुति हुई। छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य व राउत नाच के बाद राजस्थान के सुप्रसिद्ध नृत्य कालबेलिया की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोकगाथा भरथरी गायन की प्रस्तुति हुई और अंत में पंथी नृत्य की प्रस्तुति हुई। लोकसंगीत की प्रस्तुतियों के बाद गुरू श्री सुशांत कुमार दास के नृत्य निर्देशन में ओडिसी नृत्य विभाग के द्वारा गौतम बुद्ध की जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका 'निर्वाण' की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में कुलपति श्री सत्य नारायण राठौर व कुलसचिव श्री प्रेम कुमार पटेल सहित अतिथियों के द्वारा रायगढ़ में आयोजित चक्रधर समारोह में कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले अध्यापक एवं छात्रों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। श्रुति मंडल कार्यक्रम में नृत्य पक्ष में जीनुराम वर्मा, रिंकू वर्मा, रोशन रजक, देरहू प्रसाद, खगेश पैकरा, धीरेन्द्र निषाद, कविता कुम्भकार, झरना देवहारी, वंदना, सुमन बेरवंशी, खुशी वर्मा व लुभाश पटेल रहे। संगतकार के रूप में बांसुरी में डॉ.बिहारी लाल तारम, हारमोनियम में डॉ. नत्थूलाल तोड़े, तबला में रामचंद्र सर्पे, मांदर में डॉ. राजकुमार पटेल, बैंजो में टाहल साहू, ऑर्गन में खेमलाल श्रीवास, ढोलक में आशीष यादव तथा घुंगरू में सूरज ठाकुर रहे।

बेलरगोंदी शिविर में 216 लोगों की जांच कर निशुल्क दवा भी दी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 22 सितंबर। संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा पांण्डेय राजनांदगाँव के कुशल मार्गदर्शन में एकदिवसीय निःशुल्क त्रैमासिक स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर आयुष ग्राम शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में दिनांक 21/09/2024 को आयोजन किया गया । शिविर का शुभारंभ ग्राम के सरपंच श्रीमती रमशिला सोनबोईर , श्री छगन लाल पोर्ते श्री सचिव, आस मोहम्मद खान रोजगार सहायक, श्री भागवत राम टांडेकर, श्री मोती साहू, श्री प्रभात साहू, श्री कुंभ लाल साहू पंच,गणेश वर्मा, मानिक पटेल, लोकेश पटेल श्री अमर सिंह, श्री धीरपाल कंवर, चंद्रशेखर, श्रीमती तुलसा बाई (स्व सहायता समूह), श्रीमती जानकी बाई मितानीन, श्रीमती उमाबाई मितानीन श्रीमती पुनिया बाई, श्रीमती साब्दिया बाई, विरेन्द्र सोनी, शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, श्री देवदास साहू (फार्मासिस्ट आयुर्वेद), श्री दीपक कोर्राम औषधालय सेवक, श्री शंकर लाल कंवर (पी .टी. एस.), एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया गया। इस शिविर में 216 मरीज का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया लाभान्वित हुए । एवं आयुष काढ़ा प्रदान किया गया साथ ही शिविर में ,बी पी, शुगर जाँच किया गया। एवं हेमंत ऋतु में होने वाले बीमारियों के बारे में विशेष चर्चा कर ध्यान रखने को कहा गया।

ज्ञापन सौंप स्वर्णकला बोर्ड का गठन करने की मांग की गई

खैरागढ 22 सितंबर। जिला प्रशासन के द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष पूर्व कलेक्टर आर एस विश्वकर्मा के अध्यक्षता में विभिन्न पिछड़ा जातियों की बैठक रख उनके उत्थान के लिए सुझाव आमंत्रित किया गया था जिसके अंतर्गत युवा भाजपा नेता नरेंद्र सोनी के द्वारा स्वर्ण कला बोर्ड के गठन की मांग कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम पर ज्ञापन सौपा गया जिसके अंतर्गत स्वर्णकार समाज के विकास के लिए छत्तीसगढ़ स्वर्णकार कला बोर्ड गठन की स्वीकृति हेतु निवेदन है कि हमारे छत्तीसगढ़ राज्य में स्वर्णकार समाज के सदस्यों की संख्या दो लाख के आसपास है जिसमे अधिकांश परिवार अति गरीब एवम पिछड़े हैं आजादी के इतने वर्ष के बाद भी स्वर्णकार समाज का विकास उस गति से नही हुआ है आज भी समाज अति पिछड़ा है तथा युवा बेरोजगार हैं जिसका समग्र विकास किया जाना आवश्यक है जिस प्रकार हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों का विकास किया जा रहा है जिस प्रकार हमारे छत्तीसगढ़ राज्य में माटीकला बोर्ड, हतशिल्प कला बोर्ड का गठन किया गया है उसी प्रकार स्वर्णकार समाज के समग्र विकास के लिए युवाओं में रोजगार सृजन के उद्देश्य से आजादी के इस अमृत काल में छत्तीसगढ़ के इतिहास में प्रथम बार छत्तीसगढ़ स्वर्णकार कला बोर्ड का गठन कर समाज को अनुग्रहित करने की कृपा करेंगें की मांग ज्ञापन में किया गया है इसके लिए हम छत्तीसगढ़ के सभी स्वर्णकार परिवार इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री महोदय का सदैव आभारी रहेगा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी का छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान

व्यापारियों ने न्याय के लिए किया बंद का समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगांव 22 सितंबर। ज्ञात होगा की कवर्धा जिले के ग्राम लोहारीडीह में हुई हत्या,आगजनी में झुलस कर कवर्धा कांड के नाम से पहचान बनाने वाली घटना जिसमे पुलिस कस्टडी में प्रशांत साहू और अन्य जनों को बर्बरता से पिटाई करने और तीन लोगो की कस्टडी में हुई मौत,ध्वस्त कानून व्यवस्था के विरोध में गृहमंत्री के बर्खास्तगी और पीड़ितजनों के न्याय के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया था जिसका असर डोंगरगांव शहर में भी देखने को मिला।पीसीसी द्वारा उक्त घटना की जांच हेतु समिति बनाई गई जिसमें मुख्य संयोजक क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू को बनाया गया लगातार चार दिनों से घटना स्थल का दौरा कर रहे विधायक साहू

अपने कार्यालय पहुंचकर ब्लॉक अध्यक्ष सहित प्रमुखजनों को बैठक लेकर बंद के लिए व्यापारियों से समर्थन मांगने का निर्देश जारी किए।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेसियों द्वारा एक दिन पहले ही व्यापारियों से बंद के लिए अनुरोध किया गया व्यापारियों ने भी 100% बंद का समर्थन दिया आवश्यक सेवाओं को छोड़कर नगर की सारी दुकानें होटल सब्जी बाजार सभी बंद रही। इस बीच कांग्रेसियों ने सड़क बाजार में घूमकर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की साथ ही पुलिस के साथ झुमाझटकी के बावजूद गृहमंत्री,मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने में सफल रही। बंद को मिले समर्थन के लिए ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू व शहर जोन प्रभारी अखिलेश नखत ने व्यापारीगण सहित प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सभी सहयोगियों का के प्रति आभार प्रेषित किए। मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंद को समर्थन मांगने मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू,हीरा निषाद,ललित लोढ़ा,विरेंद्र बोरकर,संजय मुटकुरे,गणेश साहू,जमुना साहू,संध्या साहू,श्रुति शुक्ला,वैशाली बोरकर,सतीश वैष्णव,रोशन यदु,महेंद्र वैष्णव, डॉ.नरेंद्र साहू,प्रियंक जैन,सद्दाम खत्री,सोमन साहू,प्रदीप रत्नाकर, श्याम सुंदर लौत्रे,रितेश राजपूत, शशांक खोबरागढ़े,नियाजुद्दीन सोलंकी, अब्दुल खान,वैभव बोरकर, रफीक खान,पुष्पेंद्र नेताम,चंद्रशेखर उइके,कुंभ जोशी,सहित अन्यजन उपस्थित थे।

27वें ग्लोबॉइल अवार्ड समारोह में अमीषा पटेल ने बटोरी सारी सुर्खियां

लिपिका वर्मा

कोई भी इवेंट ग्लैमर के तड़के के बिना पूरा नहीं होता। ₹गदर₹ फ्रैंचाइजी की प्रमुख अदाकारा, अमीषा पटेल, 2024 के 27वें ग्लोबॉइल इंडिया के संस्करण में न केवल मौजूद रहीं बल्कि उन्होंने

वहां मौजूद डेलीगेट्स को अवार्ड भी दिए। बॉलीवुड की अन्य हस्तियों जैसे उर्मिला मातोंडकर, तीन बार के ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज और इंडस्ट्री के कई बड़े नाम भी इस मौके पर मौजूद थे, लेकिन अमीषा पटेल ने अपनी उपस्थिति से सबका ध्यान आर्ा र्क्षत कर लिया। यह कार्यक्रम, जो खाद्य तेल और कृषि व्यवसाय क्षेत्र का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन माना जाता है, 19 सितंबर 2024 को मुंबई में आयोजित किया गया था। अमीषा पटेल ने न केवल अपनी खूबसूरती से सबका दिल जीता बल्कि उन्होंने मंच पर खड़े होकर घंटों तक डेलीगेट्स को अवार्ड दिए। वह अपनी फिल्मों कहो ना प्यार है₹ और गदर के लिए आज भी अपने फैंस और दर्शकों के दिलों पर राज करती हैं। ये दोनों फिल्में उनकी करियर की सबसे बड़ी हिट्स रही हैं, और आज भी दर्शकों के मन में बसी हुई हैं। ₹मेरी प्रेरणा मेरी दादी रही हैं। मैं उनकी तरह बनना चाहती हूं। लेकिन मेरे फैंस की मोहब्बत और उनकी मुस्कानें ही मुझे हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। ्लोबॉइल अवार्ड्स में मंच पर 45 मिनट से अधिक समय तक खड़े होकर अवार्ड्स देना मेरे लिए एक दिल छू लेने वाला अनुभव था। यह पहली बार नहीं था कि अमीषा इस इवेंट में शामिल हुईं। यह उनका दूसरा मौका था जब उन्होंने ग्लोबॉइल अवार्ड्स में उपस्थित लोगों को अपने हाथों से अवार्ड्स दिए। उन्होंने कहा, ₹यह मंच बहुत ही प्रामाणिक और शानदार है, और यहां आकर और मेहनती लोगों को सम्मानित करके मुझे बहुत खुशी होती है।₹

अमीषा की राय में: टैलेंट को टैलेंट का समर्थन करना चाहिए, और मेहनत को मेहनत का। यही तरीका होना चाहिए। मैं यहां मंच पर खड़ी होकर यह सब करते हुए बहुत खुशी महसूस कर रही थी।₹

गदर फ्रेंचाइज़ी के बारे में: अमीषा ने कहा, गदर 1 और 2 फ्रैंचाइज़ी के बारे में मुझे ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। तारा सिंह और सकीना को लोगों ने पहले भी बहुत प्यार दिया और मुझे यकीन है कि आगे भी देते रहेंगे। अमीषा पटेल ने अपनी चमक-धमक और कड़ी मेहनत के साथ इस समारोह में चार चांद लगा दिए।

सिद्धांत चतुर्वेदी की सराहना भरे शब्दों को साझा किया

अनुभा अरोरा ने अपने अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी से युध्रा' की शूटिंग के दौरान कही गई महत्वपूर्ण बातों का खुलासा किया। अभिनेत्री ने कहा, उन्होंने मुझे बताया कि... अनुभा अरोरा , जो जल्द ही बहुप्रतीक्षित फिल्म "युध्रा₹ में सिद्धांत चतुर्वेदी और मालविका मोहनन के साथ नजर आएंगी, ने इस प्रतिभाशाली अभिनेता के साथ काम करने

के अनुभव पर खुलकर बात की। अभिनेत्री ने सेट पर बिताए अपने समय और सिद्धांत से सीखी गई महत्वपूर्ण बातों को याद किया, जिन्होंने इंडस्ट्री में खुद को एक सेल्फ-मेड स्टार के रूप में स्थापित किया है। अपनी शूटिंग के दिनों को याद करते हुए, अनुभा ने कहा, ₹सिद्धांत एक सेल्फ-मेड अभिनेता हैं, और उनके साथ शूटिंग का अनुभव बहुत अच्छा रहा। मैंने उनसे कई चीजें सीखीं। उन्होंने फिल्म की शूटिंग के दौरान एक खास पल का जिक्र किया, जब सिद्धांत ने उनकी एक्टिंग की तारीफ की। ₹एक दिन, मॉनिटर पर मेरा प्रदर्शन देखकर, सिद्धांत ने मेरी एक्टिंग की तारीफ की। उन्होंने मुझे धैर्य और दृढ़ता बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया और अपनी यात्रा के अनुभवों को साझा किया। वह बहुत ही सच्चे और प्यारे इंसान हैं। अनुभा ने सिद्धांत के साथ काम करने के मौके के लिए आभार व्यक्त किया और इसे प्रेरणादायक और विनम्र अनुभव बताया। उन्होंने आगे कहा, मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं .

जॉर्जिया एंड्रियानी ने किए भारत में शानदार छह साल पूरे

मैं इस शानदार देश में रहने का सौभाग्य पाने के लिए बहुत आभारी हूं ... यह कहना है अभिनेत्री जॉर्जिया एंड्रियानी का, जिन्होंने भारत में छह साल पूरे कर लिए हैं जॉर्जिया एंड्रियानी, जो अपनी आकर्षक उपस्थिति और बॉलीवुड में बढ़ती लोकप्रियता के लिए जानी जाती हैं, ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न

मनाया—भारत में अपने छह अद्भुत साल पूरे किए। इटली से आने वाली जॉर्जिया ने भारतीय मनोरंजन उद्योग में अपना सफर शुरू किया और अपने खूबसूरत लुक, शानदार अभिनय और उत्साही व्यक्तित्व से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक दिल से लिखे पोस्ट में, अभिनेत्री ने अपने फैंस को भावुक धन्यवाद नोट लिखा, जिसमें उन्होंने दुनिया भर से मिली प्यार और समर्थन की सराहना की। इस संदेश ने उनके फॉलोवर्स के दिलों को छू लिया और जॉर्जिया की इस बात पर गहरी कृतज्ञता व्यक्त की कि उन्हें रोजाना फैंस से इतना प्यार मिलता है। उनके ये शब्द फैंस के दिलों में गूंजे, क्योंकि उन्होंने उस गहरे संबंध को रेखांकित किया जो वह अपने फैंस के साथ साझा करती हैं, खासकर उन लोगों के साथ जो लगातार उन्हें प्यार और प्रोत्साहन के संदेश भेजते हैं। जॉर्जिया ने अपने सफर में मिली आलोचना को भी स्वीकार किया और बताया कि किस तरह इसे उन्होंने अपने विकास का हिस्सा बना लिया है।

एन. माही फिल्म प्रोडक्शन के निर्माता मोहित साहू लेकर आ रहे हैं मल्टी स्टारर फिल्म गुईंया-2

रायपुर। एन.माही फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर तले र्ी र्ंात निर्माता मोहित कुमार साहू कृत एवं छॉलीवुड के र्ी र्ंात कलाकार एवं निर्देशक अमलेश नागेश की छत्तीसगढ़ी फिल्म गुईंयां ने छत्तीसगढ़ में धमाल

मचाया था। इस फिल्म को ना केवल दर्शकों की सराहना मिली बल्कि क र्ाियल रूप से फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया था। छत्तीसगढ़ी फिल्म गुईयां के सुपरहिट होने के बाद एन.माही फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर तले र्ी र्ंात निर्माता मोहित कुमार साहू कृत गुईयां-02 का निर्माण किया जा रहा है। जिसका मुहुर्त कार्यक्रम दिनांक 15 सितम्बर 2024 को ढेबर सिटी के पास भाठागांव, रायपुर में किया गया। इस दौरान फिल्म के प्रमुख कलाकार सहित निर्माता, निर्देशक एवं मीडिया कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गुईयां-02 भी गुईयां की तरह ही सिनेजगत में धमाल मचाने वाला है, क्योंकि इस फिल्म की कहानी के अलावा इसकी तकनीकी टीम जबरदस्त है। गीत-संगीत पर विशेष ध्यान दिया गया है। निर्माता एक्शन डिजाईन मोहित कुमार साहू ने बताया कि मुहुर्त के बाद फिल्म निर्माण अप्रैल से पहले पूरा कर आगामी वर्ष दिनांक 03 मई 2025 को रिलीज किया जाना प्रस्तावित है। फिल्म की विशेषताओं में इस फिल्म में छॉलीवुड के मल्टी स्टार कलाकारों की उपस्थिति है। जिनमें दिलेश साहू अब तक कई सुपरहिट दे चुके दर्शकों के चहेते कलाकार हैं। प्रकाश अवस्थी भी किसी नाम के मोहताज नहीं है, वे ना केवल अपने एक्टिंग में परफेक्ट है बल्कि उनकी फिल्मों का दर्शकों का बेसब्री से इंतजार रहता है। यू-ट्यूब से फिल्म क्षेत्र में कदम रखने वाले अमलेश नागेश जितनी तेजी से छॉलीवुड में आए उतनी ही तेजी से उन्होंने कई सुपरहिट पिक्चर देकर खुद को साबित करने के साथ स्थापित भी करने में सफलतम स्टार में शामिल हैं। इसके अलावा भी फिल्म गुईयां-02 के अभिनेत्रियों व अन्य कलाकारों की उपस्थिति भी धमाल मचाने वाली है।

अमनदीप सिद्धू ने बाली की अपनी सोलो ट्रिप पर खुलकर बात की

मुंबई, सितंबर, 2024: सोनी सब का शो 'बादल पे पांव है' अपनी प्रेरक कहानी के साथ लोगों का दिल जीत रहा है। इस शो में मुख्य भूमिका में अमनदीप सिद्धू हैं। वह एक महत्वाकांक्षी और दृढ़ निश्चयी बानी को पर्दे पर जीवंत कर रही हैं। बानी अपने परिवार के हालात को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है, वहीं अमनदीप पर्दे के पीछे भी इसी तरह के मूल्यों को प्रदर्शित करती हैं, खासकर जब बात यात्रा और खुद को जानने की खोज के प्रति उनके लगाव की आती है। वर्ल्ड टूरिज्म डे के अवसर पर अमनदीप ने एक निजी अनुभव साझा किया। वह सोलो ट्रिप के उनके जुनून को दर्शाता है। बाली की अपनी पहली सोलो ट्रिप पर बात करते हुए उन्होंने अकेले यात्रा पर निकलने के महत्व पर जोर दिया। यह बताते हुए कि कैसे इस यात्रा ने उन्हें अपने और अपनी प्राथमिकताओं को करीब से जानने में मदद की। बानी अरोड़ा की भूमिका निभा रहीं अमनदीप सिद्धू ने कहा, ₹पिछले साल मैंने बाली की अपनी पहली

सोलो ट्रिप की। यह एक अद्भुत अनुभव था। मेरा मानना है कि किसी के लिए किसी दूसरे देश में अकेले यात्रा करना, एक खूबसूरत होटल के कमरे में ठहरना और शानदार नजारे देखना बहुत जरूरी है। इस तरह की यात्रा वास्तव में आपको यह जानने में मदद करती है कि आप कौन हैं; आपको क्या पसंद है और क्या नहीं। उस यात्रा के दौरान मुझे अपनी पसंद के बारे में बहुत कुछ पता चला, जैसे कि मुझे क्या खाना पसंद है और मैं अपनी छुट्टियों में अपना समय कैसे बिताना पसंद करती हूँ। जब आप दूसरों के साथ होते हैं, तो आप अक्सर समझौता करते हैं और दूसरों की पसंद के हिसाब से चलते हैं, लेकिन सोलो ट्रिप आपको अपनी पसंद का पता लगाने की आजादी देती है। इस वजह से वर्ल्ड टूरिज्म डे पर मैं सभी को सुझाव दूँगी कि वे टिकट बुक करें और अधिक से अधिक यात्रा करें। यह अब तक का मेरा सबसे अच्छा अनुभव था और मैं जल्द ही इसे फिर से करने की योजना बना रही हूँ।₹

तान्या अबरोल ने 'घर काम एक्सपर्ट' के रूप में धमाकेदार एंट्री की

सोनी सब का 'बादले पे पांव है' अपनी अनूठी कहानी से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और उन्हें बांधे हुए है। इसमें महत्वाकांक्षी बानी की भूमिका में अमनदीप सिद्धू और उसके पति रजत की भूमिका में आकाश आहूजा हैं। शो में बानी के शेयर बाजार में सफलता पाने के रास्ते और रजत के साथ उसके रिश्ते को दिखाया गया है। इस शो में अरोड़ा परिवार में हलचल मचाने के लिए एक नया और रोमांचक किरदार आने वाला है। मशहूर अदाकारा तान्या अबरोल ख्न्ना परिवार की नई नौकरानी लाली के रूप में कलाकारों में शामिल हो रही हैं, हालांकि वह आम नौकरानी से बिल्कुल अलग हैं। शो में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए तान्या ने बताया, ₹मेरा किरदार लाली

एक आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी महिला है। उसे नौकरानी कहलाना पसंद नहीं है और वह खुद को किसी भी अन्य पेशेवर के बराबर मानती है और उन्हीं की तरह अपनी सेवाएं देती है। लाली उसके लिए एकदम सही नाम है, क्योंकि वह लाल रंग की उग्रता के साथ आई है। उसे पुरुषों, खासकर अपने पति पर भरोसा नहीं है और जब वे झूठ बोलते हैं तो उनके व्यवहार के बारे में उसकी तीखी टिप्पणियां अक्सर सटीक होती हैं। हालाँकि, वह शुरू में घर में काम करने आती है, लेकिन वह जल्दी ही महिलाओं से दोस्ती कर लेती है। मैं दर्शकों के लिए उत्साहित हूं कि वह यह देख सकेगे कि उसका किरदार कहानी में क्या नया और दिलचस्प मोड़ लाता है। इस अलग भूमिका में मेरे प्रति उनकी प्रतिक्रिया देखने को लेकर मैं और भी उत्सुक हूँ।"

कलाकारों ने भारत की नदियों की अपनी खास यात्रा को याद किया

मुंबई, सितंबर 2024: वर्ल्ड रिवर डे पर पर हम विभिन्न सभ्यताओं को आकार देने में नदियों की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करते हैं। नदियों के पास सिर्फ पानी नहीं, बल्कि सदियों का इतिहास, संस्कृति और आध्यात्म भी होता है। नदियाँ शुद्धता, आध्यात्मिक जागृति और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक होती हैं। इस साल एण्डटीवी के कलाकारों ने भारत की कुछ सबसे पवित्र नदियों के दर्शन किये और वहां जाकर उन्हें कई खूबसूरत यादें मिलीं। यह कलाकार हैं आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा, 'हप्पू की उलटन पलटन') और आसिफ शेख (विभूति मिश्रा, 'भाबीजी घर पर हैं')। अटल में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे आशुतोष कुलकर्णी ने बताया, ''अयोध्या में राम मंदिर दर्शन के दौरान ऐतिहासिक एवं पवित्र सरयू नदी पर जाना मेरे लिये खास रहा। मेरे साथ मेरी साथी कलाकार और प्यारी दोस्त नेहा जोशी भी थीं। हम साथ-साथ मंदिर गये और पवित्र सरयू नदी पर हमने एक यादगार बोट राइड की। सरयू की ठंडी हवाएं

हमारे चेहरों से टकरा रही थीं और मंदिर के आस-पास का गहन आध्यात्मिक वातावरण हमेशा हमारी यादों में बसा रहेगा। जब हम सरयू की सैर कर रहे थे, तब सूर्यास्त की सुनहरी किरणों का प्रतिबिम्ब उसके पानी में नजर आ रहा था, जिससे पूरी अयोध्या नगरी जगमगा रही थी। वह एक जादुई पल था और हम पूरी तरह से उसकी खूबसूरती में डूबे हुए थे। नेहा और मैंने उन पलों को तस्वीरों में भी संजोया। हम बोट राइड के आनंद, मंदिर की भव्यता और अपने आस-पास की प्राकृतिक सुंदरता को समेट लेना चाहते थे। हर तस्वीर आस्था, मित्रता और ऐसे अनुभव की एक कहानी कहती है, जिसका हम दोनों पर गहरा असर हुआ। यह यात्रा आने वाले कई सालों तक मेरे दिल में बसी रहेगी।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा, ऊर्फ हिमानी शिवपुरी ने बताया, ''अपने होमटाउन देहरादून जाने के दौरान मुझे सॉन्ग नदी पर जाने का मौका मिला था। वह गंगा की एक सुंदर उपनदी है। देहरादून जैसे खूबसूरत शहर में पली-बढ़ी होने के कारण आस-पास की नदियों, घाटियों और पहाड़ियों की प्राकृतिक सुंदरता हमेशा मेरे जीवन का हिस्सा रहीं। सॉन्ग नदी बहुत शांत है और उसकी खूबसूरती देखने लायक है। वहाँ मेरे बचपन की कई यादें ताजा हो गईं। बचपन में गर्मी की छुट्टियों के दौरान मैं अपने परिवार के साथ वहाँ जाया करती थी। हम खाना पैक करके नदी के किनारे पहुँच जाते थे और पानी में खेलते हुए, प्रकृति के मधुर स्वर सुनते हुए घंटों बिता दिया करते थे। उन दिनों अपने परिवार के साथ पानी में उछल कूद करना, पत्थर फेंकना और पेड़ों के नीचे बैठना मुझे बहुत पसंद था। इस साल सॉन्ग नदी पर लौटना अपने बचपन में लौटने जैसा लगा। वह नदी ज्यादा नहीं बदली है और जितना मुझे याद है, वह उतनी ही आकर्षक और शांत है। उसके किनारे पर खड़े होने से मुझे अपना बेपरवाह बचपन याद आ गया।'' ' भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा, ऊर्फ आसिफ शेख ने बताया, ''इस साल मुझे लगभग एक दशक बाद अपने होमटाउन वाराणसी जाने का मौका मिला। वाराणसी की पवित्र गंगा नदी भारत में आध्यात्मिक दृष्टि से सबसे समृद्ध जगहों में से एक है। और मेरी साथी कलाकार विदिशा श्रीवास्तव ने इस दौरे को ज्यादा यादगार बना दिया। हमने साथ मिलकर पवित्र गंगा नदी की बोट राइड की और वह अनुभव बहुत शांति देने वाला तथा मनोबल बढ़ाने वाला था। जब हम नदी पर थे, तब घाटों के नजारों, पंडितों द्वारा शाम की आरती और भक्तों के जयकारों ने वातावरण को आध्यात्म से सराबोर कर दिया था। बोट राइड वाराणसी के दर्शन का एक खूबसूरत तरीका बन गई। वाराणसी शहर में परंपरा और भक्ति का संगम रोजाना की जिन्दगी में दिखाई देता है। मुख्य आकर्षण था गंगा पर होने वाला सूर्यास्त देखना। आसमान में सुनहरे, गुलाबी और बैंगनी रंग उभर रहे थे। वह संपूर्ण शांति का क्षण था जब विदिशा और मैंने ठहरकर प्रकृति की सुंदरता की सराहना की। हमारे आस-पास गजब की आध्यात्मिक ऊर्जा थी।''

कॉमेडी का एक्स्ट्रा डोज़!

एण्डटीवी के शोज 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' की मौजूदा कहानियां हंसी की बौछार लाने का वादा करती हैं। एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' के बारे में दरोगा हप्पू सिंह ने बताया, ''राजेश (गोतांजलि मिश्रा) अचानक से मैमोरी लॉस का अनुभव करने लगती है, और वह हर चीज भूल जाती है, जिससे परिवार के सभी लोग चिंतित हो जाते हैं। वहीं, मास्टरजी (विजय कुमार सिंह) एक दुर्घटना के बाद पार्शियल मैमोरी लॉस से ग्रस्त हैं और भूल जाते हैं कि वह एक स्कूल टीचर के रूप में काम करते हैं। राजेश की याद्दाश्त लौटाने में मदद करने के लिए, हप्पू (योगेश त्रिपाठी) एक स्थानीय वैद्य के पास से एक मेडिकल पाउडर लेकर आता है। राजेश एक बार में ही वह पूरी दवा खा जाती है, जिससे उसकी याद्दाश्त में सुधार आता है। वह पुरानी बातें याद करने लगती है, जिसमें कुछ ऐसी बातें भी हैं, जिसके बारे में उसने पहले एक्सप्रेस नहीं किया था। इससे उसके और उसके आस-पास के लोगों के बीच बार-बार झगड़े होने लगते हैं, जिसकी वजह से समस्या और भी बढ़ जाती है।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी

घर पर हैं' के बारे में बताते हुये अंगूरी भाबी ने कहा, ''प्रेम (विश्वजीत सोनी) घर पर एक नया फ्रीजर लेकर आता है और तिवारी (रोहिताश्व गौड़) की वजह से विभूति (आसिफ शेख) उसमें फंस जाता है। इस बीच अम्माजी (सोमा राठौड़) अंगूरी (शुभांगी अत्रे) को मां बनने का एक उपाय बताती है, जो पंडित रामफल ने उन्हें सुझाया है। इस उपाय की वजह से अंगूरी को काफी गर्मी महसूस होती है। दूसरी ओर, विभूति जोकि रात भर से फ्रीजर में फंसा हुआ है, ठंड की वजह से बेहोश हो जाता है और किसी भी ठंडी चीज को लेकर बेहद संवेदनशील हो जाता है। विभूति को गर्माहट देने के लिये अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) हर चीज आजमाती है, जबकि तिवारी (रोहिताश्व गौड़) अंगूरी को ठंडा करने के लिये अलग-अलग तरीके अपनाता है। विभूति और अंगूरी दोनों ही अपनी-अपनी समस्याओं से जूझ रहे हैं और वे एक-दूसरे से इस बारे में बात करते हैं। अंगूरी विभूति को पंडित जी के नुस्खे के बारे में बताती है, वहीं विभूति रात भर फ्रीजर मे रहने के अपने अनुभव बताता है। इसका नतीजा यह होता है कि अंगूरी को ठंड लगने लगती है जबकि विभूति गर्माहट महसूस करता है।

सोनी सब के 'वंशज' में डीजे ने युविका को हराने के लिए रची साजिश

सोनी सब का शो वंशज अपने हाई-स्टेक ड्रामा के दम पर दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। डीजे महाजन (माहिर पांधी) और युविका महाजन (अंजलि तत्रारी) के बीच की प्रतिद्वंद्विता निर्णायक क्षण पर पहुंच गई है। डीजे अपनी क्रूरता और साजिशों के लिए जाना जाता है। वह चौंकाने वाला सच बताता है कि यश तलवार (शालीन मल्होत्रा) को ही नील (मोहित कुमार) का दिल मिला है। इस विस्फोटक जानकारी के आधार पर डीजे को युविका और यश को परेशान करने का एक अवसर दिखाई देता है। डीजे युविका को खत्म करने और महाजन साम्राज्य पर कब्जा जमाने के लिए एक भयावह साजिश रचता है। साथ ही इसका अंतिम वारिस बन जाता है। डीजे दो मोर्चों पर शैतानी योजना के साथ आगे बढ़ता है: पहला, यश और उसके परिवार को अवैध अंगदान के मामले में फंसाने की साजिश रचता है। दूसरा, यश को युविका की जान लेने के लिए उकसाता है। यह कहते हुए कि अवैध अंग दान मामले में उसके सहयोग का खुलासा युविका कर सकती है और उसकी जान के लिए खतरा बन सकती है। अब युविका की ही जान खतरे में है, ऐसे में अब कहानी दिलचस्प मोड ले लेती है। युविका खुद को बचाने के लिए संघर्ष करती दिखाई देती है और देर होने से पहले डीजे की काली करतूतों को सबके सामने लाना चाहती है। वंशज में दिग्विजय महाजन की भूमिका निभा रहे माहिर पांधी ने कहा, ₹डीजे एक ऐसा किरदार है जो कुत्सित भावनाएं रखता है। वह धूर्त, चालाक और षडयंत्रों में हमेशा दो कदम आगे रहने वाला है। कहानी का मौजूदा दौर उसकी हताशा और हालात पर काबू खो देने के डर को दिखाता है। यह

उसे साजिशों की पराकाष्ठा की ओर धकेलता है। डीजे के बारे में जो बात सबके आकर्षक है वह है उसकी अंदर की कमजोरी; उसे सच सबके सामने आने का डर है जो उसकी पॉवर की भूख बताता है। इन विरोधी भावनाओं की खोज में डीजे की भूमिका को निभाना अविश्वसनीय रूप से पुरस्कृत करने वाला अनुभव है।₹

मैकक्रिस्पी चिकन बर्गर और पहला क्रिस्पी वेजी बर्गर

इस त्यौहारी सीजन में, वेस्टलाइफ़ फ़ूडवर्ल्ड के स्वामित्व और संचालन वाले मैकडॉनल्ड्स इंडिया (W&S) ने दो प्रीमियम बर्गर - मैकक्रिस्पी चिकन बर्गर और क्रिस्पी वेजी बर्गर लॉन्च करने की घोषणा की है। दुनिया भर में लोकप्रिय मैकक्रिस्पी चिकन बर्गर और विशिष्ट रूप से तैयार किया गया नया क्रिस्पी वेजी बर्गर के साथ भारत में भी अपनी बहुप्रतीक्षित शुरुआत कर रहा है। ये नए उत्पाद मैकडॉनल्ड्स की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जो विविध स्वाद वरीयताओं वाले ग्राहकों के लिए अभिनव मेनू विकल्प प्रदान करते हैं। मैकक्रिस्पी चिकन बर्गर में पूरी तरह से मसल चिकन फिलेट पैटी है, जिसे प्रीमियम वॉटर-कट ग्लेज्ड बन, ताजा लेट्यूस और क्रीमी पेपर मेयो सॉस के साथ परोसा जाता है। यह बर्गर एक बेहतरीन क्रंच, बेहतरीन चिकन अनुभव का वादा करता है जो बर्गर श्रेणी में एक नए नया मानक स्थापित करेगा। क्रिस्पी वेजी बर्गर शाकाहारी ग्राहकों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई पेशकश है। इस अनूठे उत्पाद नवाचार में सात उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियों के मिश्रण से बनी प्रीमियम क्रिस्पी वेजी पैटी शामिल है। वाटर-कट ग्लेज़्ड बन और स्वादिष्ट कॉकटेल मेयो सॉस के साथ, यह बर्गर बोल्ड स्वाद और क्रंचीनेस देने के लिए तैयार किया गया है। वेस्टलाइफ़ फ़ूडवर्ल्ड के कार्यकारी निदेशक अक्षय जाटिया ने कहा, ₹हम प्रतिष्ठित मैकक्रिस्पी चिकन बर्गर और बिल्कुल नए क्रिस्पी वेजी बर्गर को लॉन्च करके बहुत खुश हैं, जो हमारे उत्पाद नवाचार की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह लॉन्च भारत में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय स्वाद लाने के साथ-साथ हमारे शाकाहारी ग्राहकों के लिए विशिष्ट पेशकश बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हिमानी शिवपुरी का शाहरूख खान से है गहरा रिश्ता

दिग्गज अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी फिलहाल एण्डटीवी की घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन'में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रही हैं। वह बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा प्रशंसित और सम्मानित कलाकारों में से एक हैं। इस बेबाक बातचीत में हिमानी ने बॉलीवुड के बादशाह शाहरूख खान के साथ बिताये अपने खास पलों के बारे में बताया। सवालः हिमानी, आपके साथ कुछ चार दशकों से ज्यादा के असाधारण कॅरियर का अनुभव है। बॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों के साथ काम करने का आपका सबसे यादगार अनुभव कौन-सा है?

हिमानी शिवपुरीः सलमान खान, आमिर खान और सैफ़ अली खान जैसे सितारों के साथ काम करना बेहतरीन रहा। लेकिन शाहरूख खान के साथ मेरा अनुभव सचमुच अलग हैं। मुझे दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और कुछ कुछ होता है जैसी मशहूर फिल्मों में उनके साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला था। उनकी लगन, आकर्षण और अपनेपन ने उनके साथ मेरे हर प्रोजेक्ट को यादगार बना दिया।

सवालः क्या आप अपने शुरूआती कॅरियर में शाहरूख खान के साथ का कोई ऐसा वाकया बता सकती हैं, जो ज्यादा लोगों को पता नहीं है?

हिमानी शिवपुरीः यकीनन! हमने इन व्हिच एन्गी गिव्स इट टोज़ वन्स में साथ में काम किया था, जो कि अपने वक्त से आगे का एक कल्ट क्लासिक था। उस समय शाहरूख सिर्फ एक स्ट्रगलिंग एक्टर थे और मैंने तो उन पर ध्यान भी नहीं दिया था! सालों बाद दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे की शूटिंग के दौरान वह मेरे पास आये और बोले कि हम पहले भी साथ में काम कर चुके हैं। मैं हैरान रह गई, मुझे याद ही नहीं था कि उस फिल्म में वह थे! उनकी यह बात दिल को छू लेने वाली थी कि सुपरस्टार बन जाने के बाद भी उन्होंने बड़े चाव से उन बीते दिनों को याद किया। उनके बताने के बाद मैंने वह फिल्म दोबारा देखी और उसमें वह थे। वह नौजवान और उत्सुक दिख रहे थे। मुझे बहुत गर्व हुआ कि इतनी ऊँचाई पर पहुंचने के बावजूद वह विनम्र बने रहे।

बीते सालों में शाहरूख के साथ आपका रिश्ता कैसे आगे बढ़ा है?

हिमानी शिवपुरीः हमारा रिश्ता एक-दूसरे के लिये आदर और स्नेह के आधार पर आगे बढ़ा है। असीम सफलता पाने के बावजूद शाहरूख के कदम जमीन पर रहते हैं और अपने साथ काम कर चुके लोगों की वह असल में तारीफ भी करते हैं। मुझे डीडीएलजे का एक मशहूर सीन याद आता है। उनका क्लोज-अप अलग से शूट किया गया था, लेकिन हमारे सीन में भी वह मौजूद रहे और उन्होंने गंभीरता से प्रतिक्रिया दी। ऐसा कमिटमेंट ही उन्हें इतना खास बनाता है- न सिर्फ एक सितारे के रूप में, बल्कि एक इंसान के तौर पर भी।

'एयरटेल एसडी-ब्रांच'

भारती एयरटेल (एयरटेल) की बी2बी शाखा एयरटेल बिजनेस और नेटवर्किंग और सुरक्षा में विश्व में अग्रणी सिस्को ने आज 'एयरटेल सॉफ्टवेयर-डिफाईड (एसडी) ब्रांच' - उद्यमों के लिए एक सरल, सुरक्षित, क्लाउड-आधारित, एंड-टू-एंड प्रबंधित नेटवर्क समाधान, लॉन्च किया। सिस्को मेराकी क्लाउड-फर्स्ट प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित, एयरटेल एसडी-ब्रांच, कई शाखा स्थानों पर LAN, WAN, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के एकीकृत प्रबंधन को सक्षम करेगा, जिससे उद्यमों को अपने नेटवर्क प्रबंधन को सरल बनाने, एप्लीकेशन की कार्यक्षमता बढ़ाने और पूरे शाखा नेटवर्क बुनियादी ढांचे से ज्यादा बेहतर कार्यक्षमता प्राप्त करने और उसको बेहतर तरीके से नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। शरत सिन्हा, सीईओ - एयरटेल बिजनेस, ने कहा, ₹हम 'सिस्को मेराकी इंडिया रीजन' के साथ साझेदारी में देश के उद्यमों के लिए अपने क्रांतिकारी नेटवर्क समाधान के लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। यह सेवा इसलिए तैयार की गई है ताकि उद्यम, आईटी प्रबंधन के कामों में उलझे रहने के बजाय अपना अधिक से अधिक ध्यान मुख्य व्यावसायिक परिणामों को बेहतर करने पर लगा सकें। यह ग्राहकों को एक सरल नेटवर्क समाधान प्रदान करेगा जिससे उद्यम का विस्तार करना आसान होगा जिससे उपयोगकर्ता बेहतर कार्यक्षमता और सुरक्षा के साथ व्यावसायिक एप्लीकेशन उपयोग कर सकेंगे। डेज़ी चिट्टिलापिल्ली, अध्यक्ष, सिस्को इंडिया और सार्क (SAARC), ने कहा, ₹हम एक ऐसे माहौल में रहते हैं जहां कार्यस्थल जगह-जगह बिखरे हुए हैं और कई तरह के एप्लीकेशन उपयोग करने पड़ते हैं, जिससे विश्वसनीय और कुशल नेटवर्क बुनियादी ढांचे की अच्छी व्यवस्था होना जरूरी हो जाता है।

एक नजर

मरम्मत कार्य के चलते 24 सितम्बर से 27 सितम्बर तक रोपवे बंद रहेगा

डोंगरगढ़ 22 सितंबर। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा 03 अक्टूबर 2024 से 12 अक्टूबर 2024 तक क्वांर नवरात्रि पर्व मनाया जावेगा, जिसमें लाखों की संख्या में दर्शनार्थिगण का माता जी के दर्शनार्थ डोंगरगढ़ आगमन होगा, जिसे ध्यान में रखते हुये रोप-वे का मरम्मत कार्य द 24 सितम्बर 2024 से 27 सितम्बर 2024 तक किया जावेगा, जिससे रोप-वे का संचालन बंद रहेगा । मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात रोप-वे का संचालन पूर्ववत प्रारंभ होगा । उपरोक्त जानकारी ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

छात्रावासों आश्रमों ,पोटाकेबिनों में हो रही है कमीशनखोरी:एआईएसएफ

सुकमा 22 सितंबर। ये है परम्परा आदिवासी छात्रावास, आश्रम से पैसा वसूलने का तरीक बात सच है,कि झूठ एक न एक दिन सामने जरूर आता ये देखो सामने आ गया, शर्म करो सरकार के लोग और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी लोग कब तक आदिवासी बच्चो का पेट मारते रहोगे, जब हमारी संगठन इन मुद्दो को प्रशासन को अवगत करने से सब नेता अधिकारी हमारी आरोप को झूठा साबित कर अपने आप को दूध से नहाकर पवित्र बता रहे थे, अब जवाब दो सच या झूठ है क्या विनायक गोयल को चित्रकूट का विधायक इसलिए बनाया गया आदिवासी बच्चो के पेट मारने, ऐसे मे कौन अधीक्षक बच्चो को भरपेट भोजन, पोष्टिक आहार अच्छे से खिलायेगा, नेता अधिकारी के पेट मे पहले, बचा हुआ कीड़े पड़े भोजन फिर आदिवासी बच्चे को खिला रहे है, इसलिए तो अपनी पसंदीदा अधीक्षक, बीआरसी, मंडल संयोजक सीआरसी की नियुक्ति भी सरकारो के इसाब से मोटी रकम कमीशन लेकर नियुक्त हो रहे है क्योंकि ये ही लोग इस तरह सरकार का ऐजेन्ट बनके छात्रावासो का पैसा वसूल रहे है, चाहे कोई भी सरकार आये केवल चेरा बदला कमीशनखोरी का परम्परा नही बदला, बदला है तो डिमांड जरूर बदल रहा है, पहले कम था तो वर्तमान मे ज्यादा राशि कमीशन देना पड़ रहा है, बीजापुर, बस्तर के बाद सुकमा का भी जल्द आने वाला है सच सामने, कौन है मास्टर माइंड ?

बालिकाओं को साइकिल वितरण

सुकमा 22 सितंबर। ग्राम पंचायत गंजेनार , शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंजेनार सरस्वती सायकल योजना में शामिल होकर बालिकाओं को सायकल वितरण करते हुए , ग्राम पंचायत गंजेनार के सरपंच देवा राम कश्यप , सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी बेटी बहनो को स्कूल आने के लिए परिशानिया होता था , आज सायकल मिला , बहुत खुश है , सायकल एक बच्चों के जन्दिगी पढ़ाई का सपना को पूरा करने का एक जीवन साथी मिला है , इसी सायकल से जन्दिगी का सपना है होता है । जिसमें उपस्थित सरपंच देवा राम कश्यप वार्ड पंच श्री मुड़ा राम सोढ़ी गांव के सियान एवं स्कूल के प्रधान अध्यापक श्री सीयाराम सोरी सर , अजय बघेल , कश्यप सर समस्त शिक्षक गाण विधार्थी उपस्थित थे ।

28 सितंबर को एनएमडीसी के खिलाफ चक्का जाम की घोषणा

सुकमा 22 सितंबर। आलनार (तारल पहाड़) में बस्तरिया राज मोर्चा के संयोजक मनीष कुजाम की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में इस्पन देव माइंस कंपनी को खनन की अनुमति और एनएमडीसी द्वारा 60 वर्षों से संचालित बैलाडिला क्षेत्र में विकास की कमी पर गंभीर चर्चा हुई। क्षेत्र के निवासियों को लाल पानी से हो रही समस्याओं का भी समाधान नहीं मिल पाया है। मनीष कुजाम ने 28 सितंबर 2024 को एनएमडीसी के खिलाफ चक्का जाम करने की घोषणा की है। बैठक में 3000 से अधिक लोग और कई पंचायतों के सरपंच मौजूद रहे।

कबाड़ से बनाए माडलों का अवलोकन शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया

सुकमा, 22 सितंबर। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024 अंतर्गत कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के निर्देशन एवम् जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी के मार्गदर्शन में आकांक्षी ब्लाक कोण्टा में शुक्रवार को संयुक्त माध्यमिक शाला दोरनापाल में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व वंदना के साथ की गई द्य अतिथियों द्वारा छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए उद्बोधन दिया गया। जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में बताया गया। स्कूली बच्चों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ के तहत विभिन्न वस्तु बनाई गई। तत्पश्चात सम्माननीय अतिथि व शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों द्वारा बनाकर लाए गए मॉडल का अवलोकन किया गया। सभी के द्वारा बच्चों के काम की काफी सराहना की। जिसमे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संकुल प्राचार्य श्री शंकर लाल नेताम, विशिष्ट अतिथि श्री बलिराम नायक, संकुल समन्वयक सिन्हा व स्कूलों से आए सम्मानीय शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

सफाई के लिए लोगों को जागरूक करने गांवों में रैली निकाली, शपथ भी दिलाई

स्कूली छात्र-छात्राओं को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए शपथ लिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 22 सितंबर। संपूर्णता अभियान और ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के तहत जिले के विभिन्न स्थानों में जन जागरूकता कार्यक्रम जारी साथ ही श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री देवेश कुमार के निर्देशन एवम् सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत सुकमा अंतर्गत ग्राम पंचायत झापरा और जनपद पंचायत कोंटा अंतर्गत ग्राम पंचायत गगनपल्ली और ग्राम पंचायत मर्इगुड़ा (राजस्व) में स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता रैली, सामूहिक श्रमदान, स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। इस दौरान स्वच्छता संवाद, एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण और वहां उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं, स्कूली छात्र छात्राओं को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए शपथ लिया गया। उल्लेखनीय है कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन तथा स्वच्छग्रही, सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्ष किये गए कार्यों को एक उत्सव के रुप में मनाना है।

मोहेरा,सिंगपुर बैगा गुनिया सम्मेलन में अंधविश्वास को दूर करने पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मगरलोड 22 सितंबर। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् वनाचंल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बैगा-गुनिया बैठक / सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत् आज ब्लॉक मगरलोड के ग्राम मोहेरा एवं सिंगपुर में सम्मेलन सम्पन्न हुआ। मोहेरा में 9 बैगा एवं सिंगपुर में 8 बैगा गुनिया ने भाग लिया। इससे पहले दुगली नगरी में 25 बैगा-गुनिया ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में व्याप्त अंधविश्वास को दूर करना है, क्योकि मलेरिया से प्रभावित मरीज को कंपकपी के साथ बुखार आता है और लोगों में अंधविश्वास होता है। कंपकपी आने का कारण भूत-प्रेतबाधा मानते हैं। इसी अंधविश्वास को दूर करने के लिए स्थानीय बैगा-गुनिया को समझाया गया कि यह मच्छर के काटने से होने वाला रोग मलेरिया है। इसमें ठंड लेकर कंपकपी के साथ बुखार का आना। इस तरह के बुखार या कोई भी बुखार व तबीयत खराब होने पर खुन की जांच अवश्य करायें और अपने आस पास के स्वास्थ्य कर्मी व अस्पताल से जांच एवं दवाई समय पर अवश्य लें मच्छर से बचाव के उपाय करें। बैगा-गुनिया को भी समझाईश दी गयी है, कि इस तरह के आने वाले मरीजों को चिकित्सकीय सलाह लेने हेतु परामर्श करे। इस मौके पर बैगा गुनिया को सम्मेलन में उपस्थिति पर प्रमाण पत्र मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक के हाथों दिया गया। यह सम्मेलन 23 सितम्बर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ग?झसिल्ली 37 बैगा , 24 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिहावा 50 बैगा, 25 सितंबर को प्रा.स्वा.केन्द्र सांकरा 99 बैगा, 26 सित. को प्रा.स्वा. केन्द्र बेलरगांव 46 बैगा, 27 सित. को बोरई 42 बैगा, 28 सित. को मगरलोड 35बैगा, 30 सित. को प्रा. स्वा. केन्द्र कुकरेल 29 बैगा, 1 अक्टूबर को केरेगांव 28 बैगाओ की उपस्थिति के लिए पंजीकृत की गयी है। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, खून की जांच अवश्य करायें।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र,कन्या आश्रम का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 22 सितंबर। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने विगत दिवस को स्वास्थ्य केंद्र गादीरास एवं कन्या आश्रम शाला चिंगावरम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम में रह रही बालिकाओं की सुविधाओं का जायजा लिया और उनकी शिक्षा, स्वास्थ, तथा रहन-सहन की व्यवस्थाओं पर जायजा लिया। कन्या आश्रम में कलेक्टर श्री ध्रुव ने बालिकाओं से संवाद किया और उनकी दिनचर्या, पढ़ाई तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आश्रम में सभी बच्चियों को पौष्टिक आहार, उचित शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराई जाएं। कलेक्टर ने आश्रम के कर्मचारियों से कहा कि बालिकाओं के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे सुरक्षित और सकारात्मक माहौल में अपना भविष्य संवार सकें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र गादीरास का दौरा किया, जहां उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, दवाओं की स्टॉक स्थिति, और साफ-सफाई की जांच की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक संसाधनों की कमी को दूर करने के निर्देश दिए और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करें, ताकि दूर-दराज के लोगों तक भी स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँच सकें। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की विशेष देखभाल करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

ब्राह्मणपारा मटनार में गणेश को पूरी-पीठा का भोग लगाने के बाद बाजे-गाजे के साथ किया गया विसर्जन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बकावंड 22 सितंबर। विकासखंड बकावंड के ग्राम मटनार में नवयुवक जागृति समिति द्वारा विगत 6 दशकों की परिपाटी का पालन करते हुए गणेशोत्सव-2024 का आयोजन किया गया। युवा गणेशोत्सव समिति द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। विगत 4 वर्षों से समिति द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है जिसमें रंगोली, मेहंदी, चित्रकला एकल नृत्य, युगल नृत्य, गायन चॉकलेट दौड़, गुब्बारा फोड़ तथा बच्चों एवं महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ एवं सुई धागा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नवगठित बाल समिति एवं महिलाओं द्वारा सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। अंतिम दिवस में समिति द्वारा विजेताओं को वरिष्ठ सदस्यों के कर कमलों से पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर कुमारी नम्रता जोशी को गौरव पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया। समिति के बाल सदस्यों द्वारा पारंपरिक पकवान पूरी पिठा बनाकर गणेश जी को भोग लगाया गया एवं भंडारा के माध्यम से प्रसाद वितरण किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा जिसमें विशेषकर एवं अधिक संख्या में महिलाएं व बच्चे शामिल थे, भगवान के मूर्ति को गाजे बाजे एवं नृत्य के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर रामायण मंडली मटनार के पदाधिकारी तोबीलाल पांडे, तेज नारायण पांडे गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारी राज पांडे, मानसी जोशी, माधवी, दीपक पांडे, अनंत प्रसाद लोहताश्व, श्रीमती दुलमनी जोशी, श्रीमती वल्लभी पांडे, श्रीमती कौशल्या पांडे , भुजेश्वर, तुलसीराम, ईश्वर पांडे ढंकेश्वर जोशी एवं काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय जोशी एवं बेणुधर जोशी ने किया।

धूमधाम से किया गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

कोंटा 22 सितंबर। गणपति बप्पा मोरया , मंगलमूर्ति मोरया कुछ ऐसी ही उद्घोष से गुरुवार की देर शाम को कोंटा की सड़कें गूंजती रही ,कोंटा के स्थानीय स्टेड बैंक परिसर में हिंदू सेना गणेश उत्सव समिति के द्वारा स्थापित की गई 15 फिट की गणेश मूर्ति को नगर में श्रद्धांलुओं ने भगवान गणपति की पूजा अर्चना की , विसर्जन के लिए गणेश जी की प्रतिमा को सजाकर कर रथ पर रखा गया , उसके उपरांत ढोल नगाड़ों की थाप के बीच भक्ति गीत बजाते हुए , नाचते गाते ,पूरे कोंटा नगर का भ्रमण करते हुए गणपति की मूर्ति को लेकर सबरी नदी के घाट पर पहुंचे , इस दौरान श्रद्धांलुओं ने एक दूसरे को गुलाल भी लगाया । देर रात को श्रद्धांलुओं की महा आरती एवम स्तुति के बाद भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा को विसर्जित किया , इस मौके पर शांति पूर्ण ढंग से विसर्जन कराने एवम किसी भी अप्रिय घटना से निपटने कोंटा पुलिस थाना प्रभारी मोहन निषाद के नेतृत्व में जुलूस के साथ चल रही थी , तथा अपने देख रेख में प्रतिमा का विसर्जन करवाया । कोंटा नगर में लोगो के द्वारा अनोखी परंपरा निभाई जाती हैं , दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार कोंटा में भी कोंटा में भी एक अनोखा परंपरा चली आ रही हैं।

आवासीय विद्यालय में छात्रों की शिक्षा और सुविधाओं का पता लगाने

कलेक्टर ने छिंदगढ़ ब्लॉक में आवासीय विद्यालय सहित स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

सुकमा, 22 सितंबर। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने शुक्रवार को विकासखण्ड छिंदगढ़ अन्तर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदगढ़ और शासकीय आवासीय विद्यालय बालक पोटाकेबिन पाकेला का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थानों में सुविधाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता का मूल्यांकन किया, साथ ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीदार, सीईओ जनपद पंचायत को अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक दिवस को स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, ग्राम पंचायत, आगनवाड़ी केंद्र, पीडीएस भवन, छात्रावास-आश्रम को निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि इन संस्थानों की सेवाओं में निरंतरता और पारदर्शिता बनी रहे। इस दौरान एसडीएम छिंदगढ़ श्री विजय प्रताप खेस्स, तहसीलदार छिंदगढ़ श्री इरशाद अहमद, सीईओ जनपद पंचायत छिंदगढ़ श्री पीके गुप्ता सहित अन्य आधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों से बात कर कुशल क्षेम जाना। कलेक्टर ने दवाओं की उपलब्धता, उपचार की प्रक्रिया और केंद्र में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों को समय पर उपचार मिले और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही। चिकित्सा कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे मरीजों के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं। एनआरसी के निरीक्षक के दौरान बच्चों और माताओं को दी जाने वाली सुविधा की जानकारी ली। साथ ही बच्चों के माताओं को सुपोषण, पोषण आहार के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रसूति वार्ड, एनबीएसयू यूनिट, स्वास्थ्य केंद्र में निर्माणधीन कक्ष, केंद्र में अद्यतन होने वाले टेस्टिंग की जानकारी ली।

आवासीय विद्यालय में छात्रों की शिक्षा और सुविधाओं पर फोकस-कलेक्टर श्री ध्रुव ने शासकीय आवासीय विद्यालय बालक पोटाकेबिन पाकेला निरीक्षण कर, छात्रों के आवास, भोजन और उनकी पढ़ाई की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने छात्रों से बातचीत कर उनके शैक्षिक संसाधनों, खेल कूद सहित पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और पोषण की स्थिति का पर जोर देने को कहा। भोजनालय की स्वच्छता सुधार के लिए कुछ सुझाव भी दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि छात्रों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके मानसिक और शारीरिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। पोटाकेबिन में राशन की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में रखने को कहा। शाला परिसर में साफ सफाई स्वच्छता रखें और बच्चों को शिक्षा के उद्देश्य से देश-दुनिया की जानकारी हेतु समाचार दिखाने, छात्रों के गतिविधियों में शामिल करने को कहा।

जनहित में आवश्यक कदम उठाने पर बल -कलेक्टर ने कहा कि जनहित में काम करने वाले इन संस्थानों की सुविधाओं में सुधार करना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि आम जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकें। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि इन निरीक्षणों के बाद सुधारात्मक कदम जल्द उठाए जाएंगे और समय-समय पर अनुगमन जारी रहेगा, ताकि इन संस्थानों की सेवाओं में निरंतरता और पारदर्शिता बनी रहे।

समाचार संक्षेप

तलवार लहराकर अशांति फैलाने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

डोंगरगढ़ 22 सितंबर। मोहल्ले में खुलेआम तलवार लेकर मोहल्ले वासियों को मारने की धमकी देने वाले नशेड़ी युवक को तलवार के साथ रंगे हाथ धर दबोचने में पुलिस को सफलता मिली है। इन दिनों बच्चों और युवाओं में नशा इस कदर हावी हुआ है कि वे नशे की आगोश में कोई भी क्राइम करने से बाज नहीं आ रहे है। वही दंतेश्वरी पारा के मोहल्लेवासियों ने बताया कि इस युवक के कारण पूरा मोहल्ले के लोग परेशान है। वार्डवासी 19 सितम्बर की देर शाम थाना पहुंचे थे और बताया गया था कि इस युवक ने नशे के आगोश मे मदमस्त हो मोहल्ले के सार्वजनिक कुँए में पेशाब कर दिया था और मना करने पर तलवार लेकर मारने पीटने की धमकी देता है। शिकायत के दूसरे दिन भी तलवार लेकर गाली गुफ्तार कर मोहल्ले वासियों से झगड़ा कर रहा था जिसकी शिकायत दोबारा थाने में दी गई और सूचना मिलते ही पुलिस ने युवक को तलवार लहराते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। वही पुलिस से प्राप्त जानकारी में बताया गया कि 20 सितम्बर 2024 शाम 07:00 बजे के करीब उमेश पाण्डे पिता स्व0 माधो प्रसाद पाण्डे उम्र- 23 साल साकिन दंतेश्वरी पारा डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़ छ0ग0 का जो दंतेश्वरी पारा मंदिर के पास के पास अवैध रूप से लोहे का तलवार रखकर लोगों को दिखाकर, तलवार लहराकर डरा धमका रहा था जिससे वार्ड में अंशांति का माहौल उत्पन्न हो रहा है कि रिपोर्ट पर डोंगरगढ़ पुलिस आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आम्र्स एक्ट का कार्यवाही कर आरोपी से एक नग लोहे का तलवार जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

किराना दुकानदार को खुल्ले के बहाने पांच सौ के पांच नकली नोट देकर चला गया

नगरी 22 सितंबर। खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम फरसगांव में एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा किराना दुकान संचालक को 500-500 रूपये का छुट्टा देने की बात कहा जब दुकान दार ने छुट्टे के रूप 25 सौ रुपए दिए तो शातिर ठग ने छुट्टे के बदले 500 रुपए का पांच नकली नोट थमा कर चलता बना, दुकानदार जब तक समझ पाता तब तक बहुत देर हो चुकी थी आरोपी फरार हो गया था जिसका पीछा करते हुए दुकानदार ने ग्राम घटुला तक पहुंच गया लेकिन आरोपी का कहीं पता नहीं चल पाया, घटना का एक वीडियो वायरल है जिसमें पीड़ित दुकान संचालक अपनी आपबीती बताते हुए नजर आ रहा है। बता दें कि पीड़ित दुकान संचालक का नाम दयाराम मरकाम है। पीड़ित ने बताया कि आज सुबह एक अनजान व्यक्ति दुकान पर आया और मजदूरों को पैसे देने के बहाने 3 हजार का खुल्ला मांगने लगा।मना करने पर उसने 25 सौ का खुल्ला मांगा। खुल्ला देने के बाद वह पैसे लौटाने में हिचकिचा रहा था। दोबारा कहने पर जब उसने पर्स से पैसे निकाले,तो वह नोटों को छांटने का नाटक करने लगा। आखिर में उसने शर्ट की ऊपरी जेब से पैसे निकालकर उसे दिए और तुरंत मौके से चलता बना। हैरान करने वाली बात है कि बदमाश ने दूकान संचालक को जो नकली नोट थमाए थे उन सभी के सीरियल नंबर एक ही है, लेकिन दूकान संचालक ने इस पर ध्यान ही नहीं दिया। खुल्ले लेकर मौके से जाने के कुछ देर बाद जब दूकानदार को नोटों के नकली होने का पता चला, लेकिन जब तक दुकानदार उसे पकड़ पाता तब तक बदमाश नौ दो ग्यारह हो गया था।

प्रदेश भाजपा सदस्य सहित नेताओं ने किया इतकल का दौरा, प्रदेश भाजपा को सौंपेंगे रिपोर्ट

सुकमा 22 सितंबर। छत्तीसगढ़ सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक अंतर्गत एक प्रधान आरक्षक सहित उसके परिवार के चार अन्य सदस्यों को निर्मम हत्या कर दिए जाने के बाद भाजपा पदाधिकारियों का इतकल गाँव दौरा बीते दिन शुक्रवार को रहा । बंडा पंचायत के इतकल गांव में पांच लोगों की हत्याकांड की प्रत्यक्षदर्शियों से मुलाकात कर मामले की हकीकत को जानने की ललक लेकर राजनितिक पार्टियों का इतकल गाँव पहुंचाना लगातार जारी है । कांग्रेस की जांच समिति ने घटनाक्रम की वास्तविक कहानी को सुन कर अपनी प्रतिक्रिया दी थी । तो वही बीते दिन शुक्रवार के भाजपा व आप पार्टी के नेताओं ने इतकल गाँव व वर्तमान में बंडा बैस कैंप में निवासरत मृत परिवार जनों से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट करते हुए । हत्याकांड की वास्तविकता को जानने की कोशिश की । प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे के मार्ग-दर्शन में प्रदेश भाजपा के विशेष आंमत्रित सदस्य हूंगा राम मरकाम,व कोरसा सन्नू भाजपा जिला महामंत्री, विश्वराज चौहान जिला महामंत्री नुपुर वैदिक जिला उपाध्यक्ष पी विजय जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष श्रीमति राधा नायक जिला मंत्री एवं जी साई रेड्डी भाजपा मंडल अध्यक्ष कोंटा ने आज इतकल गाँव पहुंच पीड़ित परिवार जनों से व स्वास्थ्य कार्यकर्ता से मिल घटना क्रम की जानकारी ली।

एक नजर

शासकीय शाला बिजली में विद्यार्थियों ने परिसर की साफ-सफाई की,पौधे भी लगाए

फिंगेश्वर,22 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ।स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक शालाओ में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर की साफ सफाई करते हुए पौधों की निराई गुड़ाई कर उनमें वर्मी खाद डाला गया। वही संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छात्र छात्राओं को शपथ दिलाते हुए शरीर की नियमित रूप से साफ सफाई रखते हुए शाला परिसर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती है बल्कि देश की गरिमा बढ़ाने में महत्वपूर्ण है. हमें स्वच्छता के महत्व को समझना चाहिए और बीमारियों से खुद को सुरक्षित रखना चाहिए और बीमारियों से खुद को सुरक्षित रखने के लिए बुनियादी उपाय अपनाने चाहिए.उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छता से शरीर को बैक्टीरिया और वायरस से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है. स्वच्छता से रोग प्रतिरोध बढ़ता है और संक्रमण का खतरा कम होता है. अतः स्वच्छता से मानसिक और भावनात्मक आराम मिलता है.इस मौके पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा,रेखा सोनी,गीतांजली नेताम,सत्या मिश्रा,शिक्षक नकुल राम साहू,रुद्रप्रताप साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

छग टीचर्स एसोसिएशन ने विभिन्न समस्याओं को लेकर बीईओ से सौंज्ञन्य मुलाकात की

फिंगेश्वर,22 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़

संवाददाता)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर की बैठक प्रांतीय संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू एवं जिला संयोजक भुवन यदु के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। जिसमें सत्र 2024-25 की वार्षिक सदस्यता शुल्क एवं छत्रञ्ज कल्याण कोष फिंगेश्वर के संदर्भ में चर्चा -परिचर्चा कर अक्टूबर माह तक दोनों सदस्यता पूर्ण करने का निर्णय लिया गया. तत्पश्चात विभिन्न समस्याओं तथा संगठन की गतिविधियों के संदर्भ में ब्लॉक अध्यक्ष हुलस साहू द्वारा अवगत कराया गया।वहीं स्थानीय स्तर पर लंबित शिक्षक संवर्ग के समस्याओं का निराकरण हेतु विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी फिंगेश्वर के साथ प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुलाकात कर अवगत कराया गया। जिस पर समस्त समस्याओं का निराकरण जल्द ही पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। आज के बैठक में प्रमुख रूप पूरन लाल साहू प्रांतीय संयुक्त मंत्री, जिला संयोजक भुवन यदु, जिला उपाध्यक्ष,टिकेन्द्र यदु, जिला महिला प्रतिनिधि लता ध्रुव,अध्यक्ष हुलस साहू, सचिव किरण कुमार साहू, डोमेश्वर ध्रुव कोषाध्यक्ष, कमलेज बघेल, प्रहलाद मेश्राम, छगन दीवान, डीहू राम रावत, जागेश्वर गायकवाड़, मनोहर साहू, खेमसिंह ध्रुव, लीलाराम साहू, कृपाराम बघेल, सूखेन साहू सहित बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर के पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए।

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की सामाजिक जांच टीम गठित

फिंगेश्वर,22 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।राजिम प्रशांत साहू कि न्यायिक अभिरक्षा मे हुई मौत की जाँच हेतु सामाजिक टीम का गठन किया है । विदित हो कि विगत दिनों कवर्धा जिला के ग्राम लोहारीडीह मे प्रशांत साहू की न्यायिक अभिरक्षा मे हुई मौत से साहू समाज स्तब्ध है, मौत की जाँच एंव लोहारीडीह मे आगजनी, लगातार तीन मौतो पर एक जाँच कमेटी छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू के अध्यक्षता मे गठित की गयी है। जो कि समाजिक जांच टीम 22-9-2024 दिन रविवार को लोहारीडीह मे दोपहर 2 बजे पहुंच कर पीड़ित परिवार से एवं समाज जनों से मुलाक़ात कर वस्तु स्थिति से अवगत होंगे।छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा गठित सामाजिक जांच टीम में प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू मोहन कुमारी साहू प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन साहू प्रदेश महामंत्री हलधर साहू दया राम साहू उपाध्यक्ष मालक राम साहू भीखम साहू प्रमोद साहू महिला प्रकोष्ठ के संयोजिका शीलू साहू सहसंयोजका अंजली साहू युवा प्रकोष्ठ के संयोजक पवन कुमार साहू सहसंयोजक दुलीकेशन साहू एवं साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला राम साहू का नाम शामिल हैं।

डाटा एन्ट्री ऑपरेटर भर्ती परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी, 29 सितम्बर को होगी परीक्षा

गरियाबंद, 22 सितंबर। आदिवासी विकास विभाग गरियाबंद में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों में भर्ती के लिए 29 सितम्बर 2024 को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र गरियाबंद जिले के आधिकारिक वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट गरियाबंद डॉट जीओवी डॉट इन में अपलोड एवं ईसर्विसेस डॉट गरियाबंद डॉट जीओवी डॉट इन पर अपलोड कर दिये गये है। साईट में भर्ती सेक्शन में जाकर अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए एलीकेशन नम्बर एवं जन्म तिथि डालना होगा। परीक्षार्थियों को डाक से माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जायेगा।

सभी समाज ने एक स्वर में कहा नशाखोरी रोकने होना चाहिए सामाजिक हस्तक्षेप

मुसाफिरों पर हो निगरानी, फर्जी तरीके से बनने वाले दस्तावेजों पर लगे रोक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,22 सितंबर। जिले में युवाओं पर नशाखोरी और बढ़ते अपराध के लिए सामाजिक हस्तक्षेप सहित अन्य मुद्दों को लेकर शनिवार को गोंडवाना भवन में सर्व समाज की बैठक हुई। बैठक का संयोजन सर्व आदिवासी समाज द्वारा किया गया था।सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि बीजापुर के शांत और सौहार्द पूर्ण माहौल को खराब करने कुछ तत्व पिछले कुछ समय से सक्रिय हो गए हैं। जिसके कारगर हस्तक्षेप के लिए जिले में निवास करने वाले सभी जाति समूह के पदाधिकारियों से चर्चा की गई। बैठक में मुरिया समाज, प्रगतिशील ब्राह्मण समाज, मुस्लिम समुदाय, बंगीय समाज, तेलंगा, हल्बा, कुम्हार, साहू, गोंड, कंवर, परधान, उरांव, महार, महारा, कुडुख उरांव, क्षत्रिय, पदमशाली, माहेश्वरी, सतनामी समाज के पदाधिकारियों सहित व्यापारीगण शामिल हुए थे।

जग्गूराम तेलामी ने बताया कि बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर सहमति प्रदान की गई। जिसमें युवाओं में बढ़ते नशाखोरी, क्रय-विक्रय सहित नशामुक्ति के लिए सामाजिक पहल और हतक्षेप, दूसरे राज्यों से आने वाले फेरी सहित अन्य कार्य के लिए आने वाले लोगों की जानकारी संबंधित समाज को रखने तथा नगरीय क्षेत्र में किरायेदारों और मकान मालिकों की सूची बनाए जाने, मुसाफिरों की संपूर्ण जानकारी एवं अल्प समय में यहां फर्जी तरीके से बनने वाले निवास, मतदाता परिचय पर रोक लगाए जाने, पांचवी अनुसूची और पेशा कानून का कड़ाई से पालन करने पर सहमति शामिल है।जग्गूराम तेलामी ने बताया कि आगामी 28 सितंबर को बैठक कर सर्व समाज प्रमुखों की मौजूदगी में संयुक्त मोर्चा के गठन की कार्रवाई की जाएगी।बैठक में विजेंद्र सिंह भदौरिया, कल्याण कुर्रे, सुमन शर्मा, अजय दुर्गम, फोचेराम भगत, रामचंद्रम एरोला, रमेश मांझी, राजेंद्र इंजापुरी, मदनलाल राठी, इंतियाज खान, जिलयुस तिर्की, एसएस तेलम, कंडिक नारायण, कमलेश्वर सिंह पैंकरा, अशोक मिश्रा, अमित कोरसा, राजू पुजारी, अरुण शर्मा, महेश शर्मा, बुधराम कोरसा, आरडी झाड़ी, तेलम पांडू, अवधेश साहू, कुंवर सिंह मज्जी, मोतीराम मंडावी, लक्ष्मीनारायण गोटा, सुशील हेमला, राजेश मिश्रा, कुशल चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक

अच्छाछड़का में नल लगने से गांव के लोगों को मिली राहत

गरियाबंद, 22 सितंबर। जिला मुख्यालय गरियाबंद से लगभग 40 किलोमीटर दूर वनांचल क्षेत्र के दुरस्थ ग्राम पंचायत जंगलधवलपुर के आश्रित ग्राम अच्छाछड़का सिकासेर बांध की तरफ कच्चे रास्ते में नल कनेक्शन पहुंच गया है। इस गांव में 72 परिवार निवासरत है जहां जल जीवन मिशन के माध्यम से सोलर नलजल प्रदाय योजना द्वारा ग्रामीणों के घर पर ही पीने का पानी आसानी से उपलब्ध हो रहा है।

गांव की श्रीमती चंदकंवर नेताम ने बताई जल जीवन मिशन के माध्यम से यहां प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन लगाया गया है। जिससे प्रत्येक घरों पर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन नहीं लगा था तो पूरा मोहल्ला कुएं के पानी पर निर्भर था और कुआं सुख जाता था तो एक निजी बोर से पानी लाकर जीवन यापन किया करते थे। कुएं का पानी मटमैला होने से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाया करता था किन्तु घर- घर नल लगने से ग्रामीणों को सुविधा हुई है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत नल लगने से बाहर से पानी लाने की आवश्यकता नहीं पड़ती जिससे शारीरक थकान एवं समय का भी बचत हो रहा है। इसी प्रकार श्रीमती जानकी बाई नेताम ने बताया पूर्व में वे घर के सभी सदस्यों के लिए बाहर से पानी लाते थे। नल जल कनेक्शन लगने से उनके बच्चे व उनकी सास भी नल से घरेलू उपयोग के लिए पानी भर लेते है। अब घर में ही नल लग जाने से काफी सुविधा हो गई है और साफ सफाई भी अच्छे से हो जाती है और बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत गांव में नल लग जाने से शासन का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

60 प्रशिक्षणार्थियों को कलेक्टर ने किया प्रमाण पत्र वितरित

गरियाबंद, 22 सितंबर। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वाक्लंबी मैदान वर्धा, महाराष्ट्र से शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रगति का एक वर्ष के सफल क्रियान्वयन पर राष्ट्र को संबोधित किया एवं योजना के योजना के लाभार्थियों को वितरण किया। इस दौरान लाईवलीहुड कॉलेज एवं आईटीआई गरियाबंद में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के लाभार्थियों एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा वर्चुअली विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम देखा गया। कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत सहायक नाई-सैलून सर्विसेस के 34 लाभार्थियों तथा ट्रेडिशनल बास्केट मेकर के 26 लाभार्थियों कुल 60 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया।

शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़ कर किया रक्तदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भोपालपट्नम, 22 सितंबर। जिले के भोपालपट्नम में मुस्लिम समाज और आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन केम्प सामजिक सौहार्द की मिसाल बन गया । इस ब्लड डोनेशन केम्प खास ओ आम से लेकर सभी समाज और धर्म के लोगो ने हिस्सा लेकर बड़ी तादात में रक्त दान किया । ब्लड डोनेशन को लेकर जिले में अब तक का यह सबसे बड़ा आयोजन माना गया है ।भोपालपट्नम के कृष्णा पामभोई क्लब में आयोजित केम्प का उद्घाटन आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन सरंक्षण बस्तर संभाग मुस्लिम समाज के अध्यक्ष वसीम अहमद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्तार अली, एसडीएम यशवंत कुमार नाग, एसडीओपी मयंक रण सिंह, मुस्लिम समाज के सदर अमीर खान, दंतेवाड़ा सदर कासीम खान, आल मुस्लिम वेलफेयर के मो. अय्यूब खान, असलम रज़ा इमरान खान, शेख शमीम की मौजूदगी में किया गया । इसके बाद युवाओं ने केम्प में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए बड़ी संख्या में रक्त दान किया ।जिन्होने बारी बारी से रक्तदान किया भोपालपट्नम मे पहली बार हुए बड़े पैमाने पर रक्तदान की स्थानीय लोगो और अथितियों ने मुक्त कंठ से तारीफ की ।

जनप्रतिनिधियो और अधिकारीयो ने मुस्लिम समाज के रक्तदान शिविर को मानवता की मिसाल के साथ साथ सामाजिक सौहाद्र और मजहबी एकता बढ़ाने वाला बताया ।आयोजन को सफल बनाने व्यापारी संगठन के अध्यक्ष जी प्रेम कुमार की पहल पर फल, पानी, बिस्किट की व्यवस्था रक्तदाताओं के लिए की गई थी ।

शिविर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरषोत्तम सल्लूर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उगेंद्र वासम, मंडल सदस्य साईकृष्ण चेट्टी, जी. सुधाकर, प्रवीण उद्दे,ब्लड मेन राजू गांधी, रेडक्रॉस के नर्वेद सिंह, सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष अल्वा मदनैया, सलाकि नागवंशी, गिरजा शंकर,सदर अमीर खान, सरदार खान, अलमरान खान, मकबूल अहमद,मो इरशाद खान, शेख रज्जाक, इम्तियाज़ खान,विज़ार खान, अनीस कल्लोड़ी,मुदसर खान, शेख मकबूल,तोशिफ कल्लुडी, शेख अकरम,वहाब कल्लुडी,शेख गफ्फार, सब्बीर खान,समीर खान,खास तौर पर मौजूद रहकर केम्प को सफल बनाया ।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 22 सितंबर। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024'' के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत जिले 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल परिसर गरियाबंद में वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी के माध्यम से इलेक्ट्रिक डेम, हेल्थ एंड क्लीननेश, बॉटल गार्डन, गीला कचरा, सूखा कचरा, वाटर जलचक्र सायकल, बीजों का अंकुरण, हेल्थ हाईजेन, सेव ट्रीस, वेस्ट मेनेजमेंट, कचरा प्रबंधन सहित अन्य मॉडल के माध्यम से बच्चों ने कचरा प्रबंधन एवं निपटान के तरीके प्रदर्शित किये। इसी तरह स्वच्छता पर आधारित रंगोली, चित्रकला, भाषण, कविता प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अनुपयोगी वस्तुओं से दैनिक जीवन में उपयोगी चीजे बनाने के प्रोजेक्ट का भी अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों द्वारा वेस्ट मटेरियल से बनाए आर्ट प्रदर्शनी देखकर उन्हें लगातार वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते हुए नई चीजें सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मॉडल चित्रकला, रंगोली, भाषण, कविता प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, प्राचार्य श्रीमती अल्का दानी, डीएमसी के.एस नायक, एलडीएम मो. हाफिज, सीईओ जावेद जाफरी, सीएमओ श्रीमती संध्या वर्मा, स्वच्छ भारत के मिशन समन्वयक परवेज हनफी, परस देवांगन, धनराज विश्वकर्मा, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य केसर निर्मलकर सहित शिक्षकगण, स्कूली बच्चे एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। स्वच्छता के लिए स्वयं जागरूक रहकर अपने घर के समान ही आसपास में साफ सफाई रखना चाहिए ये हमारा नैतिक कर्तव्य है। आज शहरों एवं गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। जन-जागरूकता से ही जिला स्वच्छ और सुंदर बन सकता है। इसके लिए हमे अपने स्वभाव में भी परिवर्तन लाना होगा। उन्होंने स्कूली बच्चों, शिक्षकों, महिलाओं एवं नागरिकों को स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' का यह अभियान 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती 'स्वच्छ भारत दिवस' पर पूर्ण होगा। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शिक्षकों, स्कूली बच्चों एवं आमजनों सहित अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता को अपनाने के लिए स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने साफ सफाई एवं श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने स्वच्छता की दिलाई शपथ

गरियाबंद, 22 सितंबर। जिला अग्रणी बैंक कार्यालय गरियाबंद के तत्वाधान में

अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री यशवंत वासनीकर द्वारा नेशनल लोक अदालत में पहुंचे आमजनों एवं उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता को अपनाने के लिए स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने, गंदगी नहीं करने और न ही किसी को करने, गांव-गांव, गली-गली में स्वच्छता रखने की शपथ दिलाई। उक्त कार्यक्रम में अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री मोहम्मद मोफिज एवं सभी बैंक शाखा प्रबंधक, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थिति थे।

पार्टी विलय दिवस के पहले दिन हिंसा छोड़कर 8 माओवादियों ने किया सरेंडर

बीजापुर,22 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज, दंतेवाड़ा एवं उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर के मार्ग दर्शन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर, 85वी वाहिनी केरिपु, 222वी वाहिनी केरिपु एवं 202, 210 कोबरा के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से व छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति तथा छ0ग0 शासन द्वारा चलाये जा रहे ÷नियद नेल्ला नार÷ योजना से प्रभावित होकर गंगालूर एरिया कमेटी, नेशनल पार्क एरिया कमेटी एवं उसूर-पामेड़ एरिया कमेटी के प्लाटून कमांडर(क्क्ष्ष्रू), पार्टी सदस्य एवं जनताना सरकार अध्यक्ष सहित 08 माओवादियों ने आज दिनांक 21/09/2024 को उप पुलिस महानिरीक्षक, केरिपु ऑप्स बीजापुर श्री देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 85वी वाहिनी श्री सुनील कुमार, कमांडेंट 222वी वाहिनी केरिपु श्री विजेन्द्र कुमार, कमांडेंट 202 कोबरा श्री अमित कुमार, कमांडेंट 210 कोबरा श्री अशोक कुमार, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया ।1.चन्दर कुरसम पिता बुड़ता कुरसम उम्र 38 वर्ष निवासी कोकरा थाना बीजापुर छ0ग0, पीपीसीएम /प्लाटून नम्बर 12 का कमांडर, ईनाम -08.00 लाख रुपए, 02स्थाई वारंट लंबित, वर्ष 2003 से सक्रिय 2.मंगली पोटाम ऊर्फ क्रांति पति सुदरू पूनेम उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गायतापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, नेशनल पार्क एरिया कमेटी अंतर्गत प्लाटून नम्बर 02 पार्टी सदस्य, ईनाम -02.00 लाख रुपए, वर्ष 2009 से सक्रिय 3.आयतू कोरसा पिता पोरिया कोरसा उम्र 52 वर्ष जाति मुरिया निवासी मनकेली पटेलपारा थाना बीजापुर जिला बीजापुर छ0ग0, गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत मनकेली आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, ईनाम -01.00 लाख रुपए, 18 स्थाई वारंट लंबित, वर्ष 1994 से सक्रिय4.रामू लेकाम पिता हुंगा लेकाम उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी आईपा पटेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर छ0ग0, बैनपल्ली आरपीसी सीएनएमस अध्यक्ष, वर्ष 2006 से सक्रिय 5.महेश यादव ऊर्फ आपू पिता लक्ष्मण उम्र 36 वर्ष जाति मुरिया निवासी मल्लूर राउतपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर छ0ग0, बुरजी आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सी सेक्शन कमाण्डर, वर्ष 2003 से सक्रिय 6.सुदरू हेमला ऊर्फ पोटटी पिता बुदरू हेमला उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी काकेकोरमा करँगपार थाना बीजापुर जिला बीजापुर छ0ग0, पदेड़ा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून ए सेक्शन कमांडर ,04 स्थाई वारंट लंबित, वर्ष 2009 से सक्रिय 7.हुंगा डोडी पिता सोमा डोडी उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोतागुड़ा बिटिलपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर छ0ग0, पुसबाका आरपीसी अन्तर्गत सीएनएम उपाध्यक्ष, वर्ष 2011 से सक्रिय8.सुरित यादव ऊर्फ सुरेश पिता आयतू राम यादव उम्र 39 वर्ष जाति राउत निवासी मल्लूर राउतपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, बुरजी आरपीसी अन्तर्गत जनताना सरकार सदस्य/आर्थिक शाखा अध्यक्ष, वर्ष 2006 से सक्रिय।

23 से 28 सितंबर तक मिशन मोड में बनेगा आयुष्मान कार्ड

बीजापुर,22 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन तथा सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी के नेतृत्व में 20 सितम्बर 2024 से 30 सितंबर 2024 तक आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिसमें जिले के छूटे हुए समस्त हितग्राहियों के घर-घर जाकर एवं गांवो में शिविर का आयोजन करके आयुष्मान कार्ड एवं आभाकार्ड बनाने के प्रक्रिया की जा रही है। उक्त निर्देश के अनुपालन में बीजापुर विकास खंड अन्तर्गत 23 सितंबर से 30 सितंबर तक अभियान के रूप में आयुष्मान कार्ड बनाने बीजापुर विकास खंड में कार्यक्रम जारी करते हुए नामजद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसके तहत शांति नगर वार्ड बीजापुर, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, शहिद बुधराम राना, इंदिरा गांधी वार्ड, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, शहिद नारायण वार्ड, चिकट राज वार्ड, बिजाहल्बा वार्ड सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत चित्रकावली, लक्षित 6845 छूटे हुए हितग्राहियों को मंगलवार एवं शुक्रवार टीकाकरण के दिन को छोड़कर आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा उक्त जानकारी बीएमओ बीजापुर ने दी है ।

लोक अदालत में निपटे सैकड़ों प्रकरण

बीजापुर,22 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर एवं श्री विजय कुमार होता, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में श्री ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर द्वारा 21 सितंबर 2024 को ÷राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।ताजुद्दीन आसिफ, पीठासीन अधिकारी, खण्डपीठ क. -01 बीजापुर, राष्ट्रीय लोक अदालत, बीजापुर, जिला-बीजापुर द्वारा खण्डपीठ सदस्य श्री एस.एकटी अधिवक्ता एवं श्री सैफ अली खान अधिवक्ता की उपस्थिति में आपराधिक प्रकरण एवं प्री-लिटिगेशन से संबंधित प्रकरण का राष्ट्रीय लोक अदालत में शमन / प्ली बारगेनिंग / स्वीकारोक्ति के आधार पर निराकरण किया गया।तालुका विधिक सेवा समिति बीजापुर, जिला-बीजापुर के तारतम्य में राष्ट्रीय लोक अदालत÷ में पक्षकारो में मध्य आपसी समझौता कराकर, आपराधिक 03 प्रकरण एवं पराकाम्य लिखित अधिनियम के 03 प्रकरणों एवं घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के तहत् 01 प्रकरण का निराकरण किया गया तथा जिला बीजापुर के यातायात नियमो का उल्लंघन संबंधित ट्रैफिक 604 प्रकरण तथा आबकारी विभाग से 20 प्रकरण का निराकरण कर, कुल 624 प्रकरणों में शासन के पक्ष में राशि 80,400/- रूपये राजसात किया गया है। जिला बीजापुर के जलकर, विद्युत बिल बकाया राशि, दूरसंचार विभाग के बकाया बिल एवं बैक ऋण से संबंधित प्री-लिटिगेशन के कुल 703 प्रकरण में समझौता राशि 41774/-रूपये का भी निराकरण किया गया।

बाबा युद्धवीर सिंह जूदेव को दी श्रद्धांजलि

खरसिया। जशपुर राजघराने के धाकड़ नेता युवाओं के चेहते स्व. युद्धवीर सिंह जूदेव पूर्व विधायक चन्द्रपुर के तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि देने के लिए महानदी सदन हरदी चन्द्रपुर पहुंचे चन्द्रपुर के भाजपाई। साथ में खरसिया से प्रदेश नेता गिरधर गुप्ता, जिला मंत्री महेश साहू, राजेन्द्र पालू राठौर, किसान नेता टिकेश डनसेना, भाजयुमो प्रभारी जयप्रकाश डनसेना, सुरज जोल्हे एवं विनेश नायडू ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

पंचायत सचिव से ग्रामीण परेशान, प्रशासन के आदेश का भी नहीं कर रही है पालन

सरपंचों ने की सचिव के खिलाफ शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 22 सितम्बर। गरियाबंद जिले के छुरा जनपद पंचायत क्षेत्र से कुछ पंचायतों में होमिन सेन सचिव कर्मी के पदस्थ रही जिस पंचायत कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण करते हैं तो वहां ग्रहण ही लग जाती है। ऐसा इसलिए कह रहें कि होमिन सेन हमेशा विवादितों घिरी रहती हैं। छुरा जनपद क्षेत्र में 74 पंचायत हैं जिसमें से लगभग 8 से 10 पंचायतों में सचिव होमीन सेन ने चार चांद ग्रहण लगा चुकी है। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। सभी सरपंच आदिवासी समाज के है कुछ पंचायतों में महिला मुखिया है और कुछ जगहों में पुरुष सरपंच है। सर्व ग्राम पंचायत सेम्हरा, टेंगनाबासा, कोसमी (नवापारा), चुरकीदादार, मुड़ागांव, लोहझर अन्य ग्राम को अपने चंगुल के शिकार बना चुकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार होमिन सेन जिस पंचायत में अपनी कदम रखती है उस पंचायत में लड़ाई झगड़ा जैसे विवाद उत्पन्न करना इसका पेशा बन चुकी है। पुरुष सरपंच तो दूर की बात महिला सरपंच के अलावा अपने विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के साथ अच्छे से बरताव नहीं करती हैं।

आपको ज्ञात होगा कि शासन प्रशासन के द्वारा ग्राम पंचायत की विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की है जिसमें नाना प्रकार के कार्य किए जाते हैं जिस पर सचिव होमीन सेन द्वारा बंदरबाट करने में लगी रहती हैं, स्थानीय सरपंच और पंच को लालच देने की खूब प्रयास करती है जिसमें से कुछ पंच चंगुल में फंस जाते है और इसका आरोप लगते है सीधे साधे आदिवासी सरपंच के ऊपर जिसका ताजा उदाहरण है - चुरकीदादर, मुड़ागांव, सेम्हरा, टेंगनाबासा, कोसमी एवं लोहझर के साथ अन्य ग्राम भी शामिल है जो शिकायत की जांच के दौरान कहीं निलंबित तो कहीं तबादला तो कहीं आपसी व्यवस्था में हुई है ज्यादातर पंचायतों में करीब लगभग 5 से 6 माह ही अपनी सेवा दे पाती है। हमारे संवाददाता ने इस विषय में सभी पीड़ित सरपंच से लेकर सरपंच संघ तक मुलाकात कर पुरी जानकारी ली।

दूसरे ब्लाक में स्थानांतरण होने के बाद भी नहीं ले रही है चार्ज

सरपंच संघ के अध्यक्ष लेखराज धुर्वा का कहना है कि होमीन सेन का शिकायत हमेशा आते रहें हैं हमारे आदिवासी भाईयों/बहनों सरपंचों के साथ बहुत मानसिक प्रताड़ना हुई है भ्रष्टचारी सचिव की कार्य को देखकर एक भी सरपंच उनके साथ कार्य करना ही नहीं चाहते हैं। चुरकीदादार पंचायत के कार्यकाल के दौरान ग्राम सरपंच अपने पंचों जनपद सदस्य को लेकर क्षेत्रीय विधायक रोहित साहु के समक्ष प्रस्तुत होकर अपनी दुखड़ा बताई जिस पर होमिन सेन लोहझर पंचायत गई है आज आखिरकार तबदला अन्य ब्लॉक में हो ही गई जिसमें भी अपना चार्ज नही दे रही है।भ्रष्टचारी सचिव होमिन सेन जैसे कर्मी के लिए कोई भी पंचायत में स्थान नहीं है।अपने कार्यकाल के दौरान शासन प्रशासन की योजना मद पर अपने द्वारा कराएं गए कार्यों में अब तक प्रशासन ने क्या कार्रवाई की हैं और किए गए भ्रष्टचार की कार्य में क्या भरपाई की हैं। सरपंच संघ छुरा के द्वारा इनकी शिकायत जिलाधीश से शिकायत कर पुनः जांच कराएगी। भ्रष्ट सचिवों की खैर नहीं।

किसने क्या कहा

ग्राम पंचायत चुरकीदादार के सरपंच चरण सिंह का कहना है कि होमिन सेन हमारे पंचायत में क्या आई शासन की योजनाओं मद की राशि की दुरुपयोग की और मुझे आरोपी ठहराने में लगी रही जिसकी शिकायत जनपद में की, दूध का दूध पानी का पानी हुआ। अंत में अपनी क्षेत्रीय विधायक रोहित साहु से मिलकर अपनी दुखड़ा अवगत कराई जिस पर विधायक ने ढेरहा राम कूर्रे लोहझर पंचायत सचिव और होमीन सेन की आपसी व्यवस्था कराते हुए एक दुसरे को स्थान दी।

सरपंच प्यारे लाल दीवान ग्राम पंचायत मुड़ागांव का कहना है कि होमिन सेन हमारे मुड़ागांव के पंचायत में लगभग 5 से 6 माह रही है उनके विचारधारा सबसे अलग किस्म के हैं हमेशा हर कार्य को लेकर कमीशन की मांग करती रही है जिससे हमारे पंचायत के मुझसे लेकर पंच तक सहमत नहीं रहें कुछ पंचों भाइयों को बहला पुसला कर अपने भ्रष्टचार में शामिल करने की कोशिश की जिसमें असफल रही। उनके द्वारा किए गए कार्य के लापरवाही में शिकायत जिला पंचायत में हुई जिसमें जांच कर दंडात्मक कार्रवाई हुई।

ग्राम पंचायत कोसमी के सरपंच उलशी दीवान का कहना है कि होमिन सेन सबसे पहले महिला होने के हम महिलाओं के साथ अच्छे से बरताव नहीं रखती हैं हम उनके जैसे षड्यंत्र कारी नहीं हैं जिससे उनके चंगुल में शिकार हो सकें हम जैसे सीधे साधे लोगो का फायदा उठाना खूब आता है।

ग्राम लोहझर पंचायत सरपंच मंजू ध्रुव का कहना है कि होमिन सेन के द्वारा फर्जी काम करना आम बात है। क्योंकि उनके साथ जुड़कर कार्य करने से पता चली है भ्रष्ट सचिव होमिन सेन द्वारा हर काम के पीछे कमीशन की मांग की है उसके बात को नहीं मानी हूं तो मेरे खिलाप षडयंत्र रचना शुरु कर दी है। मुझे विश्वास है मै कोई गलत नहीं की हूं तो मुझे किसी का डर नहीं है।

रुपसिंग ध्रुव जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी छुरा से संपर्क करने पर कहा है कि होमिन सेन की तबादला ऊपर से हुई है।बहुत जल्द चार्ज दी जाएगी।

आखिर किसकी अनुमति से एनएचएआई की जमीन पर डंप हुई सैंकड़ों डंपर औद्योगिक राखड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- क्या बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने डंप की गई है राखड़
- बड़ा सवाल किस बड़े प्लांट की राखड़ को लगाया जा रहा ठिकाने

तिल्दा-नेवरा/धरसींवा, 22 सितम्बर। रायपुर-बिलासपुर हाइवे की सांकरा से सिमगा सिक्स लाइन किनारे एनएचएआई की जमीन पर रातों रात सैंकड़ों डंफ्र औधोगिक राखड़ डंप कर दी गई और वर्तमान में भी यह क्रम जारी है लेकिन यह किसकी अनुमति से हुआ इसका ज़बाब किसी के पास नही बड़ा सवाल यह है की कही यह सब एनएचएआई की सिक्स लाइन किनारे की बेशकीमती जमीन को कब्जाने की कोई बड़ी साजिश तो नहीं। धरसीवां और चरोदा के बीच सिक्स लाइन किनारे का नजारा देखा तो सैंकड़ो डंफ्र औधोगिक राखड़ एनएचएआई के लंबे भू भाग में डंप दिखी सिक्स लाइन के उपर भी राखड़ होने से वाहनों के आते जाते समय उक्त राखड़ उड़कर दुपहिया चालको की आंखों में चुभ रही थी जिससे दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है।

फसलों पर भी मंडराया खतरा: भारी मात्रा में एनएचएआई की जमीन पर औधोगिक राखड़ डंप होने से नालों के माध्यम से खेतो तक जाने वाला पानी भी लाल हो गया है यही केमिकल युक्त पानी जब खेतों में पहुंचेगा तो धान की फ्सल को भी बर्बाद करेगा

निर्माण एजेंसी भी हलाकान: रातों रात एनएचएआई की जमीन पर फेकी जा रही केमिकल युक्त औधोगिक राखड़ से रायपुर बिलासपुर हाइवे की निर्माण एजेंसी पुंज लॉयड के कर्मचारी भी हलाकन हैं सिक्स लाइन के उपर भी फेकी जा रही राखड़ वाहनों के आते जाते और हवा के झोंके में उड़कर दुपहिया चालको की आंखों में चुभ रही है इससे कोई हादसा न हो जाए इसलिए उन्हें सिक्स लाइन से राखड़ की बार बार सफाई भी करानी पड़ रही है।

सिलतरा की नामी फेक्ट्री की है राखड़

सूत्रों से ज्ञात हुआ है की उक्त राखड़ सिलतरा औधोगिक क्षेत्र की एक नामी फेक्ट्री की है एक ओर जहां उक्त फेक्ट्री की राखड टिकाने लगाने का काम चल रहा है तो वही दूसरी ओर राखड डंप कर जमीन का लेबल सिक्स लाइन के बराबर लाकर एनएचएआई की बेशकीमती जमीन को हड़पने की साजिश भी है।

एक नजर

सामुदायिक भवन निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

भखारा, 22 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम पंचायत सुपेला के दुर्गा मंदिर चौक में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया उक्त सामुदायिक भवन का निर्माण मुख्यमंत्री विकास प्राधिकरण के तहत 6.50 लाख से निर्मित किया जाएगा जिसकी अनुशंसा एवं स्वीकृति कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के सौजन्य से प्राप्त हुआ है जिसके लिए ग्रामीणों ने विधायक चंद्राकर के प्रति आभार प्रकट किया है उक्त भूमि पूजन के अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि चैतन देवांगन, उप सरपंच सुदामा राम साहू, ग्राम पटेल बलराम साहू, कृष्ण दयाल साहू, हितेंद्र साहू, साधुराम ध्रुव, लक्ष्मण साहू, बुद्धदेव साहू, नारायण यादव, रामनारायण देवांगन उपस्थित रहे!

छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में प्रवेश 30 सितंबर तक

भखारा, 22 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर के निर्देशानुसार महाविद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के रिक्त स्थान पर प्रवेश हेतु 30 सितंबर 2024 तक वृद्धि की गई है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में बी.ए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर एवं भाग दो तीन की कक्षाओं में कुछ स्थान रिक्त हैं। इच्छुक छात्र - छात्राएं 30 सितंबर 2024 तक महाविद्यालय में आफ्लाइन फर्म भरकर विगत परीक्षाओं की अंकसूची की छायाप्रति व अन्य समस्त प्रमाण पत्रों के साथ प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश ले सकते हैं। यदि किसी छात्र छात्राओं ने पूर्व में ही प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन किया है तो आवेदन पत्र की हार्ड कापी के साथ समस्त आवश्यक दस्तावेज जमा कर प्रवेश ले सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु महाविद्यालय से संपर्क कर सकते हैं।उपर्युक्त जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार साहू ने दी।

एकलव्य विद्यालय सोनाखान में छात्राओं से छेड़खानी का आरोपी लाइब्रेरियन गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 22 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 19 सितम्बर को प्रार्थी प्राचार्य

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान द्वारा थाना कसडोल में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ग्राम सोनाखान स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत 5 छात्राओं के सांथ विद्यालय के आरोपी लाइब्रेरियन द्वारा छेड़खानी किया गया है, की रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 407/2024 धारा 74 बीएनएस एवं 12 पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी लाइब्रेरियन संजय कुमार को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ पर आरोपी द्वारा विद्यालय की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटना करना स्वीकार किया गया, कि प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपी लाइब्रेरियन संजय कुमार उम्र 31 साल निवासी ग्राम कुरदा छुईंघापार जिला जांजगीर-चांपा को 20 सितम्बर को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

प्रदूषण से फलों के पौधों का उत्पादन हो रहा प्रभावित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 22 सितम्बर। बैकुंठ में 35 एकड़ का निकुंज नर्सरी में फलदार पौधों के उत्पादन पर खतरा मंडरा रहा है। व्यवस्थापकों सहित ग्रामीणों ने इस पर जताई चिंता जाहिर की है। हाल ही में स्थापित होने वाले संयंत्रों का विरोध कर रहे विकासखंड तिल्दा के ग्राम मढ़ी में 45 वर्ष पूर्व स्थापित शासकीय नर्सरी शासकीय संजय निकुंज मढ़ी शासकीय उद्यान रोपडीय जो की 35 एकड़ में फैला हुआ है यहां पर सैकड़ो मजदूर रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य करते हैं जिनके द्वारा धरती का सिंगार करने वाले फ्लदार पौधों का रोपण कर उत्पादन किया जाता है तथा क्षेत्र के 101 ग्राम पंचायत 133 ग्रामों में शासन द्वारा निशुल्क वितरण किया जाता है वही निजी तौर पर वृक्षारोपण के लिए भी शासकीय दर पर विक्रय किया जाता है विभिन्न सैयंत्रो की स्थापना के साथ ही इस क्षेत्र में भारी वाहनों का आवागमन तेजी से बड़ा है वाहनों के आवागमन के कारण रासायनिक प्रदूषण बढ़ने से पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है वही उत्पादन किया जाने वाले फ्लदार पौधों पर भी विपरीत असर पड़ रहा है उत्पादित होने वाले पौधे असमय मुरझा जाते हैं जिसकी वजह फ्लदार पौधे के उत्पादनो पर कमी आ रही हैद्य छाया पैकरा प्रभारी उद्यान अधीक्षक एवं रूपेंद्र साहू ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी ने बताया कि यहां पर फ्लदार पौधे का उत्पादन किया जाता है जिसके लिए मनरेगा के तहत स्थाई रूप से 6 कर्मचारी तथा 11 दैनिक वेतन भोगी के साथ ही 100 दिन रोजगार गारंटी के तहत आसपास के ग्रामीण जन प्रतिदिन पौधे के उत्पादन में कृषि कार्य करते हैं, विगत कुछ समय से पर्यावरण वातावरण के कारण पौधे के उत्पादन में समस्या आ रही है जिसका मूल कारण व रासायनिक प्रदूषण है क्षेत्र के ग्रामीणों ने चर्चा चंद्रकांत साहू जनपद सदस्य, ओम ठाकुर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, बंसी यादव अध्यक्ष पूर्व युवा मोर्चा तिल्दा ग्रामीण, दीपक वर्मा, अत्तु वर्मा, लाला सारथी, योगेश वर्मा ने बताया कि निर्माणधीन पावर प्लांट जो की ग्राम मढ़ी में स्कूल के बाजू कृषि साख समिति मढ़ी तथा छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक प्रसिद्ध बंजारी मंदिर है जो की पूरी तरह से वानाच्छादित है वातावरण में भी पर्यावरण पर दूषित परिणाम देखने को मिल रहे हैं क्षेत्र के ग्रामीण संयंत्र का लगातार विरोध कर रहे हैं तथा संयंत्र न लगाने के लिए शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

बच्चों और युवाओं ने दी डांस की मोहक प्रस्तुति

किरण इवेन्ट फ्यूजन ने किया नगर की प्रतिभाओं का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 22 सितम्बर। किरण इवेन्ट फ्यूजन के अरूण छाबड़ा बंटी द्वारा प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी शिखर सम्मान समारोह आयोजित किया गया माहेश्वरी भवन में आयोजित इस भव्य आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी, डाक्टर, वकील शिक्षा एवं खेल जगत के प्रतिभावान विद्यार्थियों का नागरिकों के अपार जनसमूह की उपस्थिति में सम्मान किया गया। इसके पूर्व अंचल के नन्हे बच्चे, सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बच्चों की डांस प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें प्रतिभागियों ने बहुत आकर्षक प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया।

उत्कृष्ट प्रस्तुति करनेवाले प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि, मोमेंटो एवं प्रमाणपत्र से पुरस्कृत किया गया।

विख्यात समाजसेवी अरुण छाबड़ा बंटी के कुशल नेतृत्व एवं विषेश अथिति के रूप में डाक्टर सत्यजीत जीवन मल, जयराम काछेला, सुरेश यदु, रविन्द्र जैन की विशेष उपस्थिति में यह आयोजन सफ्लतापूर्वक गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में सहयोग के रूप में आर पी पटेल, वीणा साहु, सीमा मल, डाक्टर आशीष जीवनमल, लक्ष्मी पांडे, देवेन्द्र भुगु सुधीर मिश्रा आलोक मोदी, सुनील दुबे मनीष शुक्ला, कैलाश बालानी, अनिल जयसवाल अजय गुप्ता सूरज शर्मा गुलशन वर्मा राजा टुटेजा विक्की सलूजा सुनील छाबड़ा, पुवर्श छाबड़ा, राज कुमार छाबड़ा बलवंत छाबड़ा यशदीप छाबड़ा उपस्थित रहे।

सिमगा में बंद बेअसर, खुले रहे सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 22 सितम्बर। कबीर धाम जिले के लोहारीडीह घटना के चलते प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय बंद का आव्हान किया गया था, इसी बंद के आयोजन के तहत नगर में कांग्रेसीसियों ने प्रातः से ही व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद कराने का प्रयास किया गया, किन्तु व्यापारियों का समर्थन नहीं मिलने के कारण बंद बेअसर रहा, सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानें प्रातः 11, बजे खुल गए थे, इससे पहले ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कबीरधाम जिले के कलेक्टर और एस, पी, को हटाते हुए थाने के निरीक्षक उप निरीक्षक सहित कुल 23, पुलिस कर्मियों हटा दिया है और मजिस्ट्रीयल जांच के निर्देश दिए हैं, तथा पीड़ित परिवार को दस लाख रुपए देने की घोषणा की गई है।

बसपा की आत्मसम्मान और स्वाभिमान जगाओ यात्रा 24 से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 22 सितम्बर। बसपा नेता आशीष रात्रे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बहुजन समाज पार्टी छः ग प्रदेश इकाई के द्वारा एससी-एसटी आरक्षण में उप-वर्गीकरण क्रीमिलेयर के विरोध के साथ अनुसूचित जाति जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण बचाव एवं आत्मसम्मान व स्वाभिमान जगाओ यात्रा 24 सितम्बर को सोनाखान गिरौदपुरी धाम से प्रारंभ होकर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में रैली निकाली जायेगी। 10 जून को बलौदाबाजार में घटित घटना में निर्दोष सतनामी समाज के लोगों को निःशर्त रिहाई, हसदेव अरण्य में कटाई पर रोक पूरे प्रदेश में नक्सलियों के नाम पर आदिवासियों के ऊपर हों रहे अन्याय अत्याचार, शोषण बंद करने, पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्तमान बीजेपी की सरकार में एससी-एसटी ओबीसी के ऊपर हो रहें अन्याय अत्याचार (हत्या, बलात्कार, नशे की तस्करी आदि) कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव की घटना अति निंदनीय है। राज्य सरकार वहां तत्काल शांति बहाल करें। घटना की सीबीआई जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें। छत्तीसगढ़ सरकार एससी-एसटी ओबीसी के जाति जनगणना सहित पदों को तत्काल भरें। दूसरे राज्यों से आए एससी-एसटी के लोगों के जाति प्रमाण पत्र जटिलता का सरलीकरण करे, बसपा नेता आशीष रात्रे ने बताया कि धमतरी जिले में भी 5 अक्टूबर को यात्रा आयेगा रात्रि विश्राम करेंगे और 21 वीं सदी के महानायक बामसेफडीएस -4 व बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर साहब कांशीराम जी का महापरिनिर्वाण दिवस 9 अक्टूबर दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम साइंस कालेज मैदान रायपुर में संकल्प सभा कर यात्रा का समापन किया जायेगा।

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पहले बैच के हितग्राहियों को कलेक्टर ने प्रदान किए सर्टिफिकेट

स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा,आसानी से मिल सकेगा लोन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 22 सितंबर। कलेक्टर दीपक सोनी ने आज पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत टेलरिंग सेक्टर में सफ्लता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किए 19 हितग्राहियों के पहले बैच को सर्टिफिकेट प्रदान किया है। जिससे इन ही हितग्राहियों ना केवल कौशल में निखार होगा बल्कि उन्हें आसानी से स्वरोजागर हेतु 1 लाख रूपये तक लोन मिल जाएगा। कलेक्टर ने सभी हितग्राहियों से मिलकर उन्हें बधाई देते हुए उनका हालचाल का जायजा लिया। इसी तरह भाटापारा आईटीआई में भी 20 हितग्राहियों को तहत राजमिस्त्री सेक्टर में सफ्लता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पूरे बैच को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 51903 हितग्राहियों ने पंजीयन कराया है। जिसमे से 27 हजार 478 हितग्रहियो को सत्यापित कर चरण बद्ध तरीके से ट्रेनिग दी जा रही है। जिसमें बेसिक ट्रेनिग 5 दिवसीय, एडवांस ट्रेनिग 15 दिन की होती है साथ ही हितग्राहियों को 500 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय दिया जाता है। प्रशिक्षण उपरांत संबंधित सेक्टर का कोट एवं एनएसडीसी सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है।

पीएम विश्वकर्मा योजना का मकसद उन कारीगरों की मदद करना है, जो अपने पारंपरिक हुनर से जीवनयापन करते हैं, जैसे लोहार, बढ़ई, कुम्हार, दर्जी, और कई अन्य। ऐसे परिवार के युवा योजना से मिली राशि का उपयोग कर अपनी हस्तकला और शिल्पकला के माध्यम से अपनी आजीविका आराम से चला सकते हैं। इस योजना के तहत, उन्हें वित्तीय सहायता के साथ-साथ तकनीकी प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरण भी मुहैया कराए जाते हैं, जिससे वे अपने काम में सुधार कर सकें और अपनी आमदनी को बढ़ा सकें। यह योजना उन कारीगरों और शिल्पकारों के लिए है, जो पारंपरिक काम से जुड़े हुए हैं। कुछ प्रमुख कारीगर समूह जिन्हें इस योजना का लाभ मिलता है। जिसमें बढ़ई, कुम्हार, दर्जी सुनार लोहार मोची नाव बनाने वाले माला बनाने वाले इनके अलावा, अन्य पारंपरिक कारीगर भी इस योजना के तहत पात्र हो सकते हैं, जिनका नाम इस सूची में नहीं है। इस लिस्ट में 18 कैटेगरी के काम का जिक्र है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को बेहद कम दर पर लोन मिलता है। इसमें कारीगरों को 5 प्रतिशत की आसान ब्याज दर पर लोन दिया जाता है, जो अन्य सामान्य लोन की तुलना में बहुत कम है। स्किल अपग्रेडेशनः कारीगरों को आधुनिक तकनीकों और उपकरणों का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे अपने काम में दक्षता ला सकें और उत्पादन क्षमता को बढ़ा सकें। उपकरणों की मददः कारीगरों को उनके कार्यों के लिए आधुनिक उपकरण भी दिए जाते हैं, जिससे उनका काम सरल और अधिक प्रभावी हो सके।

गांजा तस्करी मामले में फरार तीसरा आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 22 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना गिधौरी पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अवैधानिक तत्वों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 7 सितम्बर को थाना गिधौरी पुलिस टीम द्वारा गिधौरी-सारंगढ़ सड़क मार्ग में ग्राम घटमड़वा में नाकाबंदी कर स्कूटी वाहन से गांजा तस्करी करने वाले एक आरोपी शेख इरफान को गिरफ्तार कर आरोपी से 70,400 कीमत मूल्य का कुल 7 किलो 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एक स्कूटी वाहन एवं एक मोबाइल जप्त किया गया था। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में संलिप्तता के आधार पर एक अन्य आरोपी दितीप निवासी तखतपुर को भी गिरफ्तार किया गया। विवेचना के क्रम में मादक पदार्थ गांजा की तस्करी कि इस वारदाई चैन में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान के संबंध में पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई लगातार जारी है। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों से विस्तृत पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्य संकलन से प्रकरण में एक अन्य आरोपी सुकांत डीगल का संलिप्त होना पाया गया। आरोपी सुकांत डीगल द्वारा ही पूर्व में गिरफ्तार अन्य दो आरोपियों को उडीसा राज्य से अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री किया गया था। प्रकरण में थाना गिधौरी एवं साइबर सेल सेल की टीम द्वारा आरोपी सुकांत डीगल को हिरासत में लिया गया गया।

एक नजर

जनता का भरोसा विष्णु के सुशासन पर : जयंती पटेल

रायपुर, 22 सितम्बर। कांग्रेस द्वारा रायपुर बंद का आह्वाहन पूरी तरह से विफ्त रहा ना जनता ने समर्थन किया और ना ही व्यापारियों ने। कांग्रेस लगातार व्यापारिक संस्थानों और निजी संस्थानों के बीच पहुंचकर रायपुर बंद अहवाहन किया था जिसे जनता ने सिरे से नकार कर दिया। यह सबूत है की जनता का भरोसा विष्णुदेव के सुशासन की सरकार पर पूरा भरोसा है। जिस घटना के कारण बंद का आह्वान किया गया था उसमे बंद के पूर्व ही सरकार द्वारा उच्च अधिकारियों सहित पूरे महकमे पर निलंबन की गाज गिरा कर सुशासन का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया है। जनता के साथ खड़ी भाजपा सरकार किसी भी प्रकार के अनुपयुक्त कार्यवाहियों के खिलाफबड़े से बड़े अधिकारियों पर गाज गिराने से पीछे नहीं हटेगी। कांग्रेसी आज बंद के आह्वान के बाद व्यापारिक और निजी संस्थानों को ज़बरदस्ती बंद करवाने निकले परंतु किसी भी व्यापारी ने बंद का समर्थन नहीं किया। साथ ही स्कूलों को जबरजस्ती बंद करवाने का प्रयास भी पूर्णतः विफ्त हो गया और यह कांग्रेस की झूठी नौटंकी को आइना दिखाने के जैसा है।

फर्जी दस्तावेज तैयार कर 40 लाख में जमीन बेची, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर, 22 सितम्बर। ग्राम पुैरना तेलीबांधा स्थित जमीन का फर्जी मुख्तयार नामा तैयार कर 40 लाख में बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेन्द्र कुमार जैन 48 वर्ष मेन रोड काटाभांजी उड़ीसा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी तेजुराम जैन, जगनलाल जैन एवं डॉ. जवाहर अग्रवाल ने प्रार्थी के पिताजी के नाम पर सामूहिक भूमि है जिसे अपने लड़का के नाम पर आम मुख्तयार बनाकर दस्तावेज तैयार कर 40 लाख रुपए में बेच दिया और बाकी जमीन को अपने नाम करा लिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अलग-अलग क्षेत्र से दो नाबालिग लड़की लापता

रायपुर, 22 सितम्बर। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो नाबालिग लड़की लापता हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार छोटापारा निवासी 34 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को अज्ञात व्यक्ति ने बहला फुसलाकर भगा ले गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे मामले में खमतराई थाना में राबाभाठा निवासी 65 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को अज्ञात आरोपी ने बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिससे पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर, 22 सितम्बर। सेक्टर 8 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजय बोरकर 59 वर्ष सेक्टर 8 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर कैमरा का डीवीआर पार कर दिया। चोरी गए डीवीआर की कीमत 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हर वक्त मिलती है मुझे अनजानी सी सजा, तकदीर से पूछूँ की मेरी खता क्या है...

कुछ सालों से लगातार हिन्दू-मुस्लिम को लेकर तरह-तरह की बयानबाजी हो रही है, राममंदिर बनने के बाद अब कृष्ण भूमि मुक्त कराने की चर्चा शुरू हो चुकी है, एक प्रदेश में तो मस्जिद के अवैध कब्जे को लेकर जुलुस भी निकल चुका हैआखिर भारत में हो क्या रहा है? एक साहिर लुधियानवी थे, उनका लिखा भजन - तोरा मन दर्पण कहलाये, अल्लाह तेरो नाम ईश्वर तेरो नाम., मन रे तू काहे ना धीर धरे., गंगा तेरा पानी अमृत, ईश्वर अल्लाह तेरो नामज, हे रोम रोम में बसने वाले राम., सूची लंबी है।सबका जिक्र करने पर पोस्ट बड़ी होगी। ये ऐसे नगमे हैं जो मंदिरों, घरों और यहां तक कि महाकुंभ में गूंजते हैं। सुनिए तो मन के आसमान में फूल बरसते हैं। मजे की बात ये कि साहिर जो प्रगतिशील नास्तिक थे।एक थे राही मासूम रज़ा, जिनकी भाषा, अदायगी, विचारों, रगों में जितनी गाजीपुर की मिट्टी की गंध थी, उतनी ही गंगा-जमुना की पवित्रता महसूस की जा सकती है। महाभारत सीरि यल लिख सिर्फ अमर नहीं हो गये, बल्कि कलम के मजदूरों के लिए कीर्तिमान कायम किया। एक शकील बदायूंनीउन्होंने लिखा- मन तड़पत हरि दर्शन को आज, मधुबन में राधिका नाचे रे., मोहे पनघट पे नंद लाल छेड़ गये रे., इन्साफका मंदिर है, ये भगवान का घर है., ये भजन संगीत के अनमोल रत्न हैं। इन सब ज्यादातर भजनों के गायक हैं मोहम्मद रफ़ी, संगीतकार नौशाद., एक जावेद अख्तर, लगान में लिखा था - मधु बन में जो कन्हैया किसी गोपी से मिले, राधा कैसे न जले, ओ पालनहारे निर्गुण ओ न्यारे., स्वदेश में लिखा था- राम ही तो करुणा में हैं, शान्ति में राम हैं, राम ही हैं एकता में, प्रगति में राम हैं, संगीतकार एआर रहमान हैं।भारतीय शास्त्रीय संगीत पर नजर डालें -अमीर खुस रो से शुरूकर, बड़े गुलाम अली, अब्दुल वाहिद खान, अमीर खान, इनायत हुसैन खान, अकबर अली खान, फैयाज खान, अब्दुल करीम खान, अल्ला रक्खा, सुलतान खान, रशीद खान, , बहुत लंबी सूची है। मुसलमान संगीतज्ञों को हटा दें, तो भारतीय शास्त्रीय संगीत में आधा से ज्यादा इतिहास बचेगा ही नहीं! ये सब हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं। इन सबमें यह कॉमन है- ये सब मानवतावादी, प्रगति शील सोच के लोग हैं, कभी जहरीला भाषण नहीं दिया। मानवता, इज्जत, शांति, भाई चारे की वकालत की। हिंदुस्तान को हिंदुस्तान बनाया। एक हैं मनोज मुंतशिर! कुछ दिन पहले शुरूला हो गये हैं! ट्विटर पर जहर उगलते हैं, रामायण आधारित फिल्म 'आदि पुरुष 'लिखी है। लिखा क्या है वास्तव में कबाड़ा किया है? फिल्म रिलीज होने के बाद से उसे लीप रहे हैं।हनुमान और रावण से ऐसे डायलॉग बोलवाया है कि? नफ्रत की चाशनी में डूबा व्यक्ति कला का सृजन नहीं कर सकता। वह सिर्फ समाज में जहर फैला सकता है?

राहुल गांधी को आतंकवादी कहना...

जिसके परिवार के दो सदस्यों इंदिरा, राजीवगाँधी ने शहादत दी, पुरखे अंग्रेजों से लड़े, देश को दिशा और दशा दिखाई उसे हाल ही में कांग्रेस छोड़कर गये रवनीत सिंह ने आतंकी कहा।पता नहीं क्यों जो भी फालना पार्टी में जाता है इस तरह अनर्गल अनाप -शनाप क्यों बकने लगता है।जबकि इनके दादा बेअंत सिंह ने कांग्रेस के सीएम रहते हुए शहादत दी थी।दिक्कत यह नहीं है कि दो विचारधारा ओं के बीच देश सरवाइव कर रहा है, असली परेशानी यह है कि हम देशद्रोही का प्रमाण पत्र बांटते हैं जबकि मुद्दों की आलोचना, विपक्ष की आलोचना कभी देश के खिलाफ़ जाना नहीं होता! बल्कि उसे सचेत करना होता है।

छत्तीसगढ़ सरकार तो बस विष्णुदेव ही चलाएंगे...

पिछले 13दिसम्बर 23 को सीएम बने विष्णुदेव ने 9 महीने का कार्यकाल पूरा कर लिया है, उनकी छवि सीधे सादे सीएम की ही बनी थी, उनके सीधेपन के चलते उनके मंत्रिमंडल के 3-4 मंत्री, नये शक्ति केंद्र बनाकर अपने मन की चला रहे थे, जिससे यह चर्चा आम थी कि वास्तव में सर कार कौन चला रहा है? विष्णुदेव साय या कोई अन्य? डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा या वित्त मंत्री ओपी चौधरी? राजनीति में सहजता, सर लता और सज्जनता को व्यक्तित्व की कमजोरी ही समझने वालों को हाल में आयोजित कलेक्टर, एसपी कॉन्फ्रेंस से एक सन्देश दिया गया कि सरकार तो विष्णुदेव ही चलाएंगे?दोनों कॉन्फ्रेंस में सरकार के तीनों मंत्रियों को आमंत्रित नहीं करना, नौकरशाही को स्पष्ट सन्देश था, बाद में 2 कलेक्टरों को भी तत्काल हटाना भी संकेत है। अभी कुछ आईजी, एसपी सहित कलेक्टरों को हटानाभी तय है। वैसे विष्णुदेव सरकार में अधिकतर मंत्री पहली बार सरकार में हैं, कुछ की कार्य प्रणाली की चर्चा भी शुरू हो चुकी है!उनकी भी क्लास लेने की जरुरत है.!इस समय विपक्षी दल कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल जैसे अनुभवी नेता हैं तब और सतर्कता की जरुरत सत्ताधारी दल को है, अनुभवी और संकट मोचक नेता बृजमोहन अग्र वाल तो अब सांसद बन चुके हैं।

गृह मंत्री का कवर्धा फिर सुलगा कलेक्टर, एसपी हटाये गये...

छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री के गृह जिले और इडी की पूछताछ में कुछ घंटे गुजारने वाले योग्य एसपी का कवर्धा फिर सुलगा, एक गांव में हत्या की आशंका, आत्म हत्या का खुलासा, लेकिन, खुलासे से पहले ही संदेह और बदले की आग में मानों सब कुछ झुलस गया। रातों-रात गांव निर्जन हो गया, जब आग बुझी तो धुएं में साजिश के सबूत तैर रहे हैं, पुलिस मानती है अफ्वाह की चिंगारी से पूरी तैयारी से षड़यंत्रपूर्वक भीड़ को आग भड़काने तैयार किया गया, कवर्धा में एक बार फिर जो कुछ हुआ उसने पूरे छ्ग को सन्न कर दिया है।लोहारीडीह गांव में जमीनी विवाद से शुरू हुई बात, भीड़तंत्र के बवाल और आगजनी में बदल गई और ये सब कुछ जिसकी शख्स की हत्या की बात से शुरू हुआ। मृतक शिव प्रसाद साहू की पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि असल में उसने खुदकुशी की थी। मामले में पुलिस ने 160 लोगों पर नामजद एफआईआर भी दर्ज किया है, जिसमें से 60 गिरफ्तार हो चुके हैं? पूर्व सीएम भूपेश बघेल का कहना है कि गृहमंत्री के गृह ज़िले कवर्धा में पुलिस के कार नामे खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, इधर हिरासत में लिये गये युवक प्रशांत साहू की पुलिस पिटाई से मौत हो गई है, विडंबना है कि उनकी गृहमंत्री विजय शर्मा से निकटता भी थी।वैरे एक प्रशिक्षु आईपीएस को निलंबित कर दिया गया है, एक वीडियो भी चर्चा में है जिसमें एक नाबालिग बच्ची को महिला पुलिस लाठी से पीट रही हैं और एसपी वहीं खड़े होकर मारनेवालों को प्रोत्साहित कर रहे थे? देर रात कलेक्टर जम्मेज्य महोबे और एसपी अभिषेक पल्लव को हटा दिया गया है। गोपाल वर्मा नये कलेक्टर और राजेश अग्रवाल नये एसपी बनाये गये हैं।

और अब बस...

- सीएम विष्णुदेव साय ने घोषणा की है कि अब छत्तीसगढ़ के चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबी बीएस की पढ़ाई हिंदी में शुरू की जाएगी।
- छत्तीसगढ़ के किस मंत्री पर तबादला में उगाही का आरोप लगा है?
- छत्तीसगढ़ के किस बड़े जिले का एसपी बनने कोई तैयार नहीं है, क्यों?
- कवर्धा एसपी डॉ अभिषेक को कौन अजय बचा रहा था ?

खादी भंडार की जमीन पर कब्जे के विरोध में धरना

रायपुर, 22 सितम्बर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा स्थापित स्वदेशी खादी वस्त्रों को बढ़ावा देने के साथ खादी बुनकर कार्यकर्ताओं को रोज़गार देने स्थापित पंडरी स्थित खादी भंडार की एक लाख अस्सी हज़ार फ़ीट बेशक़ीमती ज़मीन को महासमुंद व आरंग के भू माफ़िया हरमीत सिंह खनुजा, रविन्द्र अग्रवाल व जितेंद्र अग्रवाल द्वारा समिति के राजस्व अभिलेख में कूटरचना कर अपने मृतक पिता की फौती समिति की ज़मीन में चढ़वा ली है। अफरातफरी करने के विरूद्ध आज गांधी प्रतिमा के सामने आज़ाद चौक, रायपुर में एक दिवसीय धरना दिया गया। ग्राम सेवा समिति के मंत्री अजय तिवारी ने भू माफ़िया पर कार्रवाई की माँग की है। धरना में हरिवल्लभ अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गांधीवादी लोग मौजूद थे।

डागा कालेज में मनाई गई फ्रेशर्स पार्टी

रायपुर, 22 सितम्बर। प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन नव प्रवेशित छात्राओं के लिए किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता, निर्माता, निर्देशक प्रकाश अवस्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रकाश अवस्थी ने छात्रों के उत्साहवर्धन करते हुए, छात्राओं की मांग पर उनकी लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी फिल्मों के गानों के अंश सुनाएं तथा छात्राओं को अपने माता-पिता का सम्मान करने तथा अपनी मिट्टी से सदैव जुड़े हुए रहने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय विद्यालय समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी, दानदाता सदस्य गोकुलदास डागा, गोवर्धन दास डागा तथा अन्य सम्मानित सदस्य गण उपस्थित रहे और कार्यक्रम की गरिमा बढाई। कार्यक्रम में सभी संकाय की छात्राओं ने भाग लिया तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संगीता घई सहित सभी सहायक प्राध्यापक और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

सपेरे के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर, 22 सितम्बर। एक सजग नागरिक सेरायपुर के शिवानंद नगर में एक सपेरे द्वारा कोबरा को एक छोटी सी टोकरी में बंधक बनाकर रखे जाने का वीडियो प्राप्त होने के बाद, पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया ने प्रकाश बघेल और तुषार कुंडे नामक दो स्थानीय स्वयंसेवकों के साथ मिलकर कार्रवाई की।

कोबरा के अवैध कब्जे, प्रदर्शन और उपयोग के खिलाफ़ एफआईआर दर्ज़ कराई। कोबरा'वनजीव (संरक्षण) अधिनियम (डब्ल्यूपीए), 1972' की अनुसूची I के भाग C के तहत संरक्षित प्रजाति के पशु हैं, जिन्हें बंदी बनाना, अपने पास रखना या चोट पहुंचाना एक गैर-जमानती अपराध है, जिसके खिलाफ़ कम से कम तीन साल की जेल की सज़ा, जिसे सात साल तक बढ़ाया जा सकता है और न्यूनतम 25, 000 रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। संबंधित मामले में रायपुर वन प्रभाग ने सपेरे के खिलाफडब्ल्यूपीए 1972 की धारा 39, 43, 49 (ष), 50 और 58 (c)के तहत एफआईआर दर्ज़ किया है। पीड़ित सांप को वन विभाग द्वारा जब्त कर लिया गया है एवं पशु चिकित्सकीय देखभाल और पुनर्वास हेतु रायपुरकी एक वन्यजीव संरक्षण सुविधा में ले जाया गया है जहाँ इसे अपनी प्राकृतिक प्रवृत्ति के अनुरूप वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा।

विप्र कॉलेज में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत

रायपुर, 22 सितम्बर। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में कंप्यूटर एवम विज्ञान संकाय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत समारोह धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के भविष्य हैं और इन विद्यार्थियों का निर्माण शिक्षक का दायित्व है। सभी विद्यार्थियों अपने शिक्षकों से उचित मार्ग दर्शन ले साथ ही साथ अपने सीनियर से भी सहयोग ले। विद्यार्थी भविष्य के आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकते हैं। आप सभी विद्यार्थियों का भविष्य उवल हो।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों को नियमित कक्षा में उपस्थित होने को कहा जिसे आप सभी विद्यार्थी सेमेस्टर परीक्षा सरलता से पास कर सकते है। साथ ही उन्होंने कहा कि कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं का उचित उपयोग कर अपना ज्ञान का विकास कर सकते है। जिससे अपने जीवन में सफ्त हो सके।

इसके बाद सभी कंप्यूटर व विज्ञान संकाय के सीनियर विद्यार्थियों ने जूनियर विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पहले सीनियर विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया और जूनियर की मांग पर सॉन्ग डांस प्रस्तुत किया। इसके बाद जूनियर विद्यार्थियों ने भी अपना परिचय दिया और बेझिझक होकर सीनियरों की मांग पर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाए। जूनियर्स के परफॉर्मेंस के आधार पर बीसीए प्रथम सेमेस्टर के अनुष्का झा को मिस प्रेशर और हर्ष साहू को मिस्टर प्रेशर चुना गया। बी एस सी प्रथम सेमेस्टर के किशन साहू को मिस्टर प्रेशर चुना गया। पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर के सुमन बाघमार को मिस प्रेशर और रूपानंद मिरी को मिस्टर प्रेशर चुना गया। दो घंटे मस्ती और उत्साह के माहौल के बाद स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए सभी सीनियर ने जूनियर से अध्ययन अध्यापन में सहयोग की बात कही। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकगण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

वेदों के भाष्य के लिए डॉक्टर अनमोल शर्मा सम्मानित

दिल्ली में सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया सम्मान

रायपुर, 22 सितम्बर। नवापारा राजिम पद्म विभूषित श्रीपाद दामोदर सातवलेकर द्वारा प्रणीत वेदों के हिंदी भाष्य के तृतीय संस्करण के कार्य के लिए डॉक्टर प्रोफेसर अनमोल शर्मा को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत ने सम्मानित किया, कार्यक्रम दिल्ली के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में हुआ, जिसमे 2000 लोगों से खचाखच भरे सभागार में, जिसमे स्वाध्याय मंडल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अधिकारी गण, साधु संत, शोध छात्र और प्रबुद्ध जन शामिल हुए, इस गरिमामय आयोजन में नगर के पण्डित ब्रह्मदत्त जुगलकिशोर शास्त्री के सुपुत्र अनमोल शर्मा, जो कि नई दिल्ली के केंद्रीय विश्व विद्यालय लालबहादुर शास्त्री विद्यापीठ में संस्कृत साहित्य के प्राध्यापक पद पर सेवारत हैं, उन्हें वेदों के हिंदी भाष्य के प्रकाशन, पाठ संशोधन व परिष्करण के कार्य में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया, आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत ने उन्हें शाल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र के साथ 11000 रूपयो का एक लिफाफा देकर सम्मानित किया, डॉक्टर मोहन भागवत ने कहा कि वेद भौतिक व आध्यात्मिक ज्ञान की निधि व अखिल ब्रम्हांड के मूल हैं, वे सारी दुनिया को जोड़ने का काम करते हैं, वेद और भारत दोनों एक हैं, वेद सनातन धर्म का आधार हैमंचासीन आनन्द पीठाधीश्वर अनन्त विभूषित स्वामी बालकानंद गिरी, विहिप के दिनेश चंद्र, स्वाध्याय मंडल के ट्रस्टी अक्षय आनंद सरस्वतीजी, सुरेशजीकी उपस्थिति के बीच मंच का कुशल संचालन करते हुए कार्यक्रम संयोजक प्रो.रमेश कुमारपांडेजी, पूर्व कुलपति ला. ब. स. वि. वि. ने बताया कि ÷ध्वनि सिद्धांत मूलम÷ के लेखक डा.अनमोल शर्मा अखिल भारतीय स्तर की संस्कृत शलाका परीक्षा में 3 स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं, 2 दर्जन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भाग ले चुके हैं और 10 शोधपत्र इनके प्रकाशित हो चुके हैं, आभार प्रदर्शन राजेश भाई राणा ने किया, अनमोल के पिता ब्रह्मदत्त शर्मा ने बताया कि अनमोल की यह उपलब्धि ना केवल नगर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है, इस उपलब्धि के लिए पूज्य भाई ओझा एवम राम कुमार गुरुजी ने विशेष रूप से शुभाशीष प्रेषित किए, डॉक्टर पूर्णेंदु सक्सेना, गोपाल यादव, चंद्रशेखर साहू, अशोक बजाज, संतोष उपाध्याय, श्याम अग्रवाल, विवेक शर्मा, गिरीश बिस्सा, सीताराम पुजारी, रामेश्वर शर्मा, गिरधारी अग्रवाल, आरबी शर्मा, आचार्य रमाकांत, श्याम किशोर शर्मा, डॉक्टर राजेंद्र गदिया, भागचंद बंगानी, रमेश पहाड़िया, डॉक्टर टी एन रमेश, सारडा, ईश्वर देवांगन, राज विजय बोथरा अमर मखीजा, रमेश चौधरी, डॉक्टर लीलाराम साहू, अनिल जगवानी, अजय कोचर अम्बर सिंघई, नारायण लालवानी, मोहम्मद नजीर एवम अनेक लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

एनपीएस वात्सल्य योजना होगी शुरू

रायपुर, 22 सितंबर। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) वात्सल्य शुरू करने के लिए पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) के साथ हाथ मिलाया है, यह 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने पर केंद्रित योजना है। जैसा कि वित्त मंत्री - निर्मला सीतारमण ने 2024 के केंद्रीय बजट के दौरान घोषणा की थी, यह पहल अपने बच्चों के लिए दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा की योजना बनाने में परिवारों को सशक्त बनाएगा। दिल्ली में आयोजित लॉन्च कार्यक्रम में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हैदराबाद की सुश्री लांबा कर्णम आदित्री को एक प्रतीकात्मक स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या प्रदान की, जिन्हें एक्सिस बैंक द्वारा चुना गया था। पहल के एक हिस्से के रूप में, एक्सिस बैंक ने कुल 17 एनपीएस वात्सल्य खाते खोले और बच्चों को प्रतीकात्मक पीआरएएन सौंपे। वरिष्ठ बैंक अधिकारी ने प्रतीकात्मक पीआरएएन सौंपे और बैंगलोर-अहमदाबाद में लगभग 16 बच्चों के लिए पीआरएएन वात्सल्य खाते खोले गए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26